चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 108 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



आज मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना हो रही है। इनका उद्भव ब्रह्मा जी के कमंडल से माना जाता है। ब्रह्मा जी सृष्टि के सर्जक हैं। ब्रह्मचारिणी उनकी शक्ति। जब मानसपुत्रों से सृष्टि का विस्तार नहीं हो सका, तो ब्रह्मा जी की इसी शक्ति ने सृष्टि का विस्तार किया। इसी कारण स्त्री को सृष्टि का कारक माना गया। ब्रह्मचारिणी देवी ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की अधिष्ठात्री हैं। इनके एक हाथ में कमंडल और दूसरे में रुद्राक्ष की माला है।

**उपासना मंत्र**

**या देवी सर्वभूतेषु सृष्टि रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।**

# केजरीवाल को 24 घंटे में दूसरा झटका

## वकीलों से 5 बार मिलने की याचिका खारिज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की दूसरी याचिका को भी खारिज कर दिया है। इस याचिका में सीएम केजरीवाल ने वकीलों से हफ्ते में 5 बार मुलाकात करने की मांग की थी। बता दें कि फिलहाल अरविंद केजरीवाल अपने वकीलों से हफ्ते में केवल दो बार ही मुलाकात कर सकते हैं।

दरअसल, सीएम केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने तर्क दिया था कि केजरीवाल किसी राहत की मांग नहीं कर रहे हैं। सीएम सिर्फ कई अदालतों में उनके खिलाफ चल रहे मामलों के संबंध में वकीलों के साथ अतिरिक्त बैठक की मांग कर रहे हैं। एडवोकेट विवेक जैन ने कहा था कि केजरीवाल के खिलाफ 35 से 40 मामले चल रहे हैं। किसी व्यक्ति को समझने और निर्देश देने के लिए सप्ताह में एक घंटा पर्याप्त नहीं है। ये सबसे बुनियादी कानूनी अधिकार है, जिसके तहत केजरीवाल अपने वकील से मिलने की मांग कर रहे हैं। एडवोकेट विवेक जैन ने कहा था कि संजय सिंह को 3 बैठकों की अनुमति तब दी गई थी, जबकि उनके खिलाफ सिर्फ 5 या 8 मामले दर्ज थे।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अरविन्द केजरीवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अब दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उनकी याचिका खारिज करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति अनियमितता मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी। सीजेआई ने अरविंद केजरीवाल के वकील से ई-मेल मांगा है।

इससे पहले उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। केजरीवाल ने साथ ही ट्रायल कोर्ट द्वारा उन्हें ईडी रिमांड में भेजने के लिए पारित आदेश को भी चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 3 अप्रैल को लंबी दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का सिर कलम करने की धमकी



**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के बरेली में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। किसी शख्स ने उन्हें फेसबुक के जरिए मारने की धमकी दी है। जानकारी के अनुसार शख्स ने धमकी में पंडित धीरेंद्र का सिर तन से जुदा करने की बात कही है। इस धमकी के बाद से ही हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भड़क उठे। वहीं उन्होंने इस मामले के खिलाफ उत्तर प्रदेश के बरेली के आंवला कोतवाली में एक शिकायती पत्र भी दिया है। कार्यकर्ताओं की ओर से भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि सनातन धर्म के गुरु पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की फोटो लगाकर अशोभनीय तरह से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। जिसमें सिर तन से जुदा का ऑडियो भी लगाया गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पत्नी के जाते ही पति ने की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के शाहदरा गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह का मामला प्रकाश में आ रहा है।

मूल रूप से नरहरि मथुरा निवासी (30 वर्षीय) विनोद अपनी पत्नी के साथ शहदरा गांव में किराए पर रह रहा था। मंगलवार को उसकी पत्नी किसी काम से घर से बाहर गई थी कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो उसे विनोद पंखे के फंदे पर लटका हुआ मिला। विनोद की पत्नी ने उसे पड़ोसियों की मदद से नीचे उतरा और चिकित्सा के पास ले गई। चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-142 पुलिस ने शव को (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एनआरआई ने धोखाधड़ी कर नोएडा में किया प्लॉट का सौदा, पीड़ित को दी धमकी

**नोएडा (चेतना मंच)।** विदेश में रह रहे एक एनआरआई ने धोखाधड़ी कर नोएडा के सेक्टर-31 में करोड रुपए के प्लॉट को बेचने का सौदा कर डाला और बयाने के रूप में लाखों रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने थाना सेक्टर-20 व नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों से भी इस मामले की शिकायत की, लेकिन उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पीड़ित की एफआईआर दर्ज की है।

सेक्टर-19 निवासी राजीव छिब्बा ने बताया कि जून 2022 में



सेक्टर 31 निवासी सोमनाथ शर्मा पुत्र स्वर्गीय कृष्ण दास शर्मा ने सेक्टर 31 में बने अपने मकान को बेचने का प्रस्ताव दिया। सोमनाथ शर्मा ने मकान के स्वामित्व के दस्तावेज के रूप में अपने पिता द्वारा निष्पादित वसीयत तथा नोट उसके पक्ष में जारी पत्र उसे दिखाएं। सोमदत्त ने उसे विश्वास दिलाया कि वह उक्त संपत्ति का अकेला वारिस है। दस्तावेज देखने के बाद मकान का सौदा 3 करोड़ 15 लाख रुपए में तय हुआ। राजीव छिब्बा के मुताबिक उसने बयाने के तौर पर 31 लाख 50 हजार रुपए सोमदत्त शर्मा को चेक के जरिए अदा कर दिए। इस दौरान सोमनाथ शर्मा ने उसके तथा उसकी पत्नी सुनैना भिंडर के पक्ष में एग्रीमेंट कर दिया बाकी की रकम 90 दिनों के भीतर देने पर सोमनाथ ने रजिस्ट्री करने का आश्वासन दिया। राजीव छिब्बा के मुताबिक एग्रीमेंट के पश्चात उसे पता चला कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के हल्द्वानी गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूल रूप से फर्रुखाबाद निवासी सायरा की शादी 3 वर्ष पूर्व हल्द्वानी जलपुरा निवासी जावेद के साथ हुई थी। मंगलवार को सायरा अपने कमरे में फंदे पर लटकी हुई मिली। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर थाना ईकोटेक तीन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मृतका के परिजनों को सूचना दी। बेटी की मौत की सूचना पाकर हल्द्वानी पहुंचे उसके परिजनों ने ससुराल (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रबूपुरा के जंगल में चल रही थी शराब की भट्टी

### बड़ी मात्रा में कच्ची शराब व उपकरण बरामद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना रबूपुरा पुलिस में ग्राम पलहाका खादर के जंगल में अवैध रूप से चलाई जा रही शराब की भट्टी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर मौके से बड़ी मात्रा में कच्ची शराब, लहन तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। छापेमारी के दौरान दो लोग पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है। ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि रबूपुरा थाना प्रभारी को सूचना मिली कि ग्राम नांगलिया पलवल (हरियाणा) के कुछ लोग पलहाका खादर में चोरी छुपे कच्ची शराब बनाने की भट्टी चला रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारा पुलिस को देखकर दो लोग भाग निकले जबकि एक व्यक्ति को पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अमित शाह की रैली को लेकर बैठक, बनाई रणनीति



**नोएडा (चेतना मंच)।** देश के गृहमंत्री व सहकारिता मंत्री अमित शाह की 13 अप्रैल को नोएडा में होने वाली जनसभा को लेकर व्यापक तैयारी शुरू हो गई है।

आज भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सेक्टर-27 स्थित कैलाश सभागार में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके रणनीति तय की। बैठक में श्री शाह की रैली को लेकर पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं कार्यकर्ताओं से (शेष पृष्ठ-3 पर)

### शिल्पहॉट से सटे पार्क में होगी अमित शाह की रैली: उमेश त्यागी



**नोएडा।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली 13 अप्रैल को सायं 5 बजे सेक्टर-33ए स्थित शिल्पहॉट के करीब स्थित पार्क में होगी। यह जानकारी भाजपा के जिला महामंत्री उमेश त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि श्री शाह कोयम्बटूर से सीधे हैलीकॉप्टर से उड़ान भरेंगे तथा सेक्टर-38ए स्थित बॉटेनिकल गार्डन में बने हैलीपैड पर उतरेंगे तथा वहां से कार द्वारा शिल्पहॉट के करीब रैली स्थल पर पहुंचेंगे। पहले नोएडा स्टेडियम में रैली करने पर विचार चल रहा था।

## फ्लैट में सो रहा था परिवार, आग से मचा कोहराम





**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र की सनराइज ग्रीन्स सोसायटी के एक फ्लैट में आज सुबह आग लग गई। घटना के दौरान परिवार के लोग फ्लैट में सो रहे थे, धुआं फैलने पर नींद से जाकर तुरंत शोर मचाया। सूचना मिलने पर वैशाली फायर स्टेशन से अग्निशमन की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। इस दौरान सोसायटी के लोगों ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मकान की ग्रिल काटकर चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थान पर चोरी की दो वारदातों को अंजाम दिया है। चोर एक मकान के ग्रिल काटकर सोने के जेवरात तथा कीमती सामान को चोरी कर ले गए। वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र में एक निर्माणाधीन साइट से चोरों ने शटरिंग में प्रयोग होने वाली लोहे की प्लेट चोरी कर ली। थाना फेस 3 क्षेत्र के (शेष पृष्ठ-3 पर)

Urgent Required

RCI Trained Special Educator

Divyansh Public School

C-20, Street No.06 Amar Colony, Nangloi, Delhi-110041

Contact No.: 9873439664

RADIANT ACADEMY

(AFFILIATED TO CBSE)

B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636

Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com

RADIANT ACADEMY

(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)

Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,

Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com

Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!

We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.

FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available

FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# सेक्टर-104 में अवैध निर्माण को ध्वस्त करें : डा. लोकेश एम

## सीईओ ने डीजीएम (सिविल) को दिये तत्काल निर्माण रूकवाने के आदेश





**नोएडा (चेतना मंच)।** चुनाव के दौरान कुछ भू-माफिया अवैध रूप से निर्माण कार्य कर रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ अतिक्रमण तथा अवैध निर्माण के खिलाफ गंभीर हैं।

इसी कड़ी में सीईओ डा. लोकेश एम ने सेक्टर-104 में प्राधिकरण की अर्जित व कब्जा प्राप्त भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोकने तथा ध्वस्तीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कल निरीक्षण के दौरान उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल को निर्देश दिये कि तत्काल निर्माण को रोकें तथा पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर उक्त बिल्डिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करें।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने डीजीएम सिविल और जन स्वास्थ्य के अधिकारियों के साथ शहर के बाजारों का निरीक्षण किया। वहां साफ-सफाई देखी और निर्देश दिया। सबसे पहले टीम सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र कांप्लेक्स गए। यहां मार्केट की दुकनों की ब्रांड साइनेज रेल कलर के लगाए जाने थे। लेकिन उनको ब्राउन कलर किया गया। जिसे बदलने के लिए कहा गया। इसके अलावा बाजार में एसोसिएशन की ओर से क्लीनिंग कराई जानी थी। जिसे नहीं कराया गया। युद्ध स्तर पर साफ करने के निर्देश दिए।

इसके बाद सेक्टर-37 गोदावरी बाजार, सेक्टर-110 बाजार व वीडीएस बाजार का निरीक्षण किया। वीडीएस और सेक्टर-110 के पास भंगेल से लगे हुए क्षेत्र में गंदगी और टाइल उखड़ी हुई मिली। इसे दो दिनों में ठीक करने और साफ-सफाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। महर्षि आश्रम के के साथ बनी हुई ड्रेन में गंदा पानी जमा हुआ था। जिसको जन स्वास्थ्य और वर्क सर्किल-8 को समुचित समन्व्य बनाते हुए दो दिनों में साफ करने का निर्देश दिया।

सेक्टर-98 की ड्रेन क्षतिग्रस्त मिली। इसको दोबारा से बनाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सेक्टर-98 में स्काई मॉर्क के सामने क्योसक लगाकर फूड जोन बनाया जाए साथ ही सेक्टर-98 के साथ निर्मित फुटपाथ के पास 300 वर्गमीटर में एक पार्किंग जोन (शेष पृष्ठ-3 पर)



## पहाड़ों पर खतरा

पिछले साल सिक्किम में लहोनक ग्लेशियर झील फटने की घटना पुरानी नहीं है जिसमें 180 लोगों के मरने व पांच हजार करोड़ के नुकसान की खबर थी। इसी तरह केदारनाथ में चौराबाड़ी ग्लेशियर झील फटने से हजारों लोगों की जल प्रलय में मौत हुई थी। 2021 में उत्तराखंड की नीति घाटी में ग्लेशियर झील फटने से दो सौ लोगों के मरने समेत डेढ़ हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। अब हिमालय पर्यावरण विशेषज्ञ चेता रहे हैं कि देश के हिमालय क्षेत्र में आने वाले राज्यों में खतरनाक किस्म की 188 ग्लेशियर झीलें बन चुकी हैं, जो किसी बड़े भूकंप आने पर लाखों लोगों के जीवन पर घातक प्रभाव डाल सकती हैं। यूं तो सबसे ज्यादा खतरे की वजह पूर्वोत्तर की झीलें हैं, लेकिन खतरा कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में भी लगातार बना हुआ है। दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले डिजास्टर मैनेजमेंट डिवीजन और हिमालय अध्ययन विशेषज्ञों की टीम द्वारा किए गए एक साल की स्टडी के बाद जो निष्कर्ष सामने आए हैं वे चिंता में डालने वाले हैं। दरअसल, अब ग्लोबल वार्मिंग का वास्तविक खतरा सामने दिखायी दे रहा है। लगातार बढ़ते तापमान से हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पहाड़ों में बर्फ पिघलने से बने जल को निकासी का रास्ता न मिलने पर ये बर्फीला पानी झीलों के रूप में एकत्र हो जाता है। पर्यावरण विशेषज्ञ चिंता जता रहे हैं कि यदि इन संवेदनशील इलाकों में सात तीव्रता जैसा भूकंप आता है तो ये झीलें जल बम बनकर फूट सकती हैं। इससे छह राज्यों की करीब तीन करोड़ आबादी प्रभावित हो सकती है। दरअसल, इस हालिया अध्ययन में बताया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते इन हिमालयी क्षेत्रों में 28 हजार से अधिक झीलें बन गई हैं। जिसमें 188 ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती हैं। इन संवेदनशील झीलों को ए श्रेणी में रखा गया है। इन इलाकों में ग्लेशियरों के पिघलने व खिसकने का खतरनाक ट्रेंड देखा गया है। वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियरों की पिघलने की दर 15 प्रतिशत बढ़ गई है। जो हमारे लिए गंभीर चेतावनी का कारण बन रही है। केंद्र सरकार के अधिकारी और पर्यावरण विशेषज्ञ ग्राउंड जीरो व उपग्रहों के जरिये इन झीलों की बराबर निगरानी कर रहे हैं। इन इलाकों में स्वचालित मौसम निगरानी केंद्र बनाये गए हैं। इस दिशा में मंथन किया जा रहा है कि कैसे इन खतरनाक झीलों का पानी आधुनिक तरीकों से रिलीज किया जाए। एक ओर जहां झीलों से जल निकासी के रास्ते तलाशे जा रहे हैं, वहीं ड्रिल करके पानी को नियंत्रित करने पर भी विचार हो रहा है। इसके अलावा भूमिगत पानी के साथ मिलाने के लिये भूमिगत टनल बनाने पर भी मंथन हो रहा है। निस्संदेह,यह एक गंभीर पर्यावरणीय संकट हैं और छह राज्यों के करोड़ों लोग इस संकट से प्रभावित हो सकते हैं। दरअसल, झील के फटने पर मिट्टी व भारी मलबा ढलान पर गोली की तरह उतरता है, जो भारी तबाही का कारण बन सकता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि आकाशवाणी सुनकर मुझे बड़ा हर्ष हुआ। मैं प्रेम में मग्न हो गया और मेरा सब संदेह जाता रहा। तदनन्तर मुनि की विनती करके, आज्ञा पाकर और उनके चरणकमलों में बार-बार सिर नवाकर-॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**हरष सहित एहिं आश्रम आयउँ। प्रभु प्रसाद दुर्लभ बर पायउँ॥**
**इहाँ बसत मोहि सुनु खग ईसा। बीते कलप सात अरु बीसा॥**

मैं हर्ष सहित इस आश्रम में आया। प्रभु श्री रामजी की कृपा से मैंने दुर्लभ वर पा लिया। हे पक्षीराज! मुझे यहाँ निवास करते सत्ताईस कल्प बीत गए॥

**करउँ सदा रघुपति गुन गाना। सादर सुनहिं बिहंग सुजाना॥**
**जब जब अवधपुरीं रघुबीरा। धरहिं भगत हित मनुज सरीरा॥**

मैं यहाँ सदा श्री रघुनाथजी के गुणों का गान किया करता हूँ और चतुर पक्षी उसे आदरपूर्वक सुनते हैं। अयोध्यापुरी में जब-जब श्री रघुवीर भक्तों के (हित के) लिए मनुष्य शरीर धारण करते हैं,॥

**तब तब जाइ राम पुर रहऊँ। सिसुलीला बिलोकि सुख लहऊँ॥**
**पुनि उर राखि राम सिसुरूपा। निज आश्रम आवउँ खगभूपा॥**

तब-तब मैं जाकर श्री रामजी की नगरी में रहता हूँ और प्रभु की शिशुलीला देखकर सुख प्राप्त करता हूँ। फिर हे पक्षीराज! श्री रामजी के शिशु रूप को हृदय में रखकर मैं अपने आश्रम में आ जाता हूँ॥

**कथा सकल मैं तुम्हहि सुनाई। काग देहि जेहिं कारन पाई॥**
**कहिउँ तात सब प्रस्न तुम्हारी। राम भगति महिमा अति भारी॥**

जिस कारण से मैंने कौए की देह पाई, वह सारी कथा आपको सुना दी। हे तात! मैंने आपके सब प्रश्नों के उत्तर कहे। अहा! रामभक्ति की बड़ी भारी महिमा है॥

**दो0-ताते यह तन मोहि प्रिय भयउ राम पद नेह।**
**निज प्रभु दरसन पायउँ गए सकल संदेह॥**

मुझे अपना यह काक शरीर इसीलिए प्रिय है कि इसमें मुझे श्री रामजी के चरणों का प्रेम प्राप्त हुआ। इसी शरीर से मैंने अपने प्रभु के दर्शन पाए और मेरे सब संदेह जाते रहे (दूर हुए)॥

**(क्रमशः....)**

# यूपी में सपा की 'पीठ' पर बैठ कर कांग्रेस पार करना चाहती है चुनावी वैतणनी

लो। उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान तेज नहीं पकड़ पा रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने समस्या यह है कि वह अपनी चुनावी लाईन ही नहीं तय कर पा रही है। वहीं कांग्रेस आलाकमान ने यूपी को तो मानो भूला ही दिया है। संभवता कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार यह मान बैठा है कि यूपी में उसका सियासी सफरनामा सपा के कंधे पर बैठकर पूरा हो जायेगा। इंडी गठबंधन के तहत यूपी में कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 20219 के लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 2.33 प्रतिशत और सीट मात्र रायबरेली की एक थी। जहां से सोनिया गांधी सांसद थीं, अब वह राज्यसभा की सदस्य हैं। रायबरेली से कांग्रेस सोनिया गांधी की जगह नया प्रत्याशी मैदान में उतारेगी।



इंडी गठबंधन के कमजोर प्रचार अभियान और बीजेपी के युद्ध स्तर पर चुनाव प्रचार करने से फिलहाल ऐसा लग रहा है कि बीजेपी ने प्रचार के माध्यम से काफी बढ़त बना ली है। 04 जून को मतगणना वाले दिन पता चलेगा बीजेपी की मेहनत कितनी रंग लाई, लेकिन कई सीटों पर मुकाबला कांटे का दिखाई दे रहा है। बीजेपी भी हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। वहीं सपा-कांग्रेस भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि अमेठी, रायबरेली, बदायूं, घोषी, आजमगढ़, रामपुर समेत करीब दो दर्जन सीटों पर मुकाबला रोमाचंक होने वाला है। जीत-हार का आंकलन कर पाना किसी भी राजनीतिक पंडित के लिए आसान नहीं होगा। कुल मिलाकर कांग्रेस की सुस्ती से समाजवादी पार्टी का प्रचार अभियान भी तेजी नहीं पकड़ पा रहा है जबकि पहले चरण के मतदान में अब मात्र दस दिनों का ही समय बचा है। कांग्रेस के रवैये के चलते सपा के कई दिग्गज नेता कांग्रेस आलाकमान से नाराज भी चल रहे हैं,इन नेताओं का कहना है कि कांग्रेस, सपा की पीठ पर सवार होकर पार करना चाहती है चुनावी वैतणनी।

यूपी की 80 की 80 सीट जीतने का लक्ष्य बीजेपी ने रखा है। हालांकि ऐसा होना असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है। खासकर इंडी गठबंधन के बाद यूपी में क्लीन स्वीप कर पाना इतना आसान नहीं होगा। इस बार बीजेपी को अपनी जीती हुई सीट बचाने में भी मुश्किल होगी। वहीं 2019 में हारी सीटें जीतना एक बड़ी चुनौती रहने वाली है। हालांकि बीजेपी भी अपने काम और मोदी-योगी के नाम पर पूरी दमखम से जुटी हुई है। वहीं इस चुनाव में यूपी की कई अन्य सीटों पर क्रिकेट मैच के फाइनल की तरह करो या मरो जैसी स्थिति रहने वाली है। इस बार जो चुनावी रण में लड़ेंगा वही जीतेगा। लहर के भरोसे चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बात अगर यूपी की सबसे कांटे की टक्कर वाली सीट की करें तो पहला और दूसरा नाम अमेठी एवं रायबेरली सीट का आता है। अमेठी लोकसभा सीट पर उसी स्थिति में मुकाबला कांटे का होने की संभावना है, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़े। अमेठी कांग्रेस का गढ़ रहा है और 2019 के चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी चुनाव हार गए थे। उधर, बीजेपी ने मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को पुन: उम्मीदवार बनाया है। हाल ये है कि कांग्रेस अभी तक उम्मीदवार की घोषणा तक नहीं कर पाई है। चर्चा है कि सोनिया गांधी के दामाद और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं। रॉबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने पर भी मुकाबला करो या मरो वाला हो जाएगा। इस सीट पर कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित होने के बाद ही मुकाबला कैसा होगा, ये कह पाना संभव होगा। इसी प्रकार से रायबरेली सीट कांग्रेस का अभेद्य किला रहा है। मोदी लहर के बावजूद बीजेपी 2014 और 2019 के चुनाव में कांग्रेस के इस किले को भेद नहीं पाई थी। इस बार सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ रही है। कांग्रेस से चुनाव कौन लड़ेंगा, अभी संशय बना हुआ है। अगर गांधी परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव लड़ता है तो ये सीट कांग्रेस आसानी से जीत सकती है। अगर किसी अन्य को टिकट मिलता है तो कांग्रेस के लिए रायबरेली बचाना मुश्किल हो जाएगा। चुनाव इतना कांटे का हो जाएगा, जिस पर नतीजे आने से पहले कुछ भी कह पाना किसी के लिए मुश्किल होगा। यहां से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा है। अगर प्रियंका चुनाव लड़ी तो कांग्रेस का रास्ता साफ हो जाएगा। बीजेपी के मिशन 80 पर प्रियंका पानी फेर सकती है।

तीसरे नंबर पर मैनपुरी लोकसभा सीट है। सपा का गढ़ मानी जाने वाली मैनपुरी सीट पर अगर बीजेपी नेताजी मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव को टिकट देती है तो उस स्थिति में चुनाव कांटे का होने की संभावना है। वरना इस सीट पर हुए उप-चुनाव के नतीजों से साफ-साफ संकेत है कि इस बार भी नतीजे सपा के पक्ष में आएंगे। डिंपल यादव आसानी से चुनाव जीत जाएंगी। अपर्णा चुनाव लड़ी तो लड़ाई बेहद रोमाचंक होगी, उस स्थिति में जीत हार का आंकलन कर पाना बहुत मुश्किल होगा। ऐसे ही कन्नौज सीट से सपा मुखिया अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने पर ही मुकाबला जैसी स्थिति होगी। वरना बीजेपी के सुब्रत पाठक कमल खिला देंगे। अखिलेश के लड़ने पर सुब्रत पाठक के लिए चुनाव जीतना लोहे के चने चबाने जैसा होगा।

बदायूं सीट पर भी इस बार कड़ा मुकाबला होने के आसार है। सपा ने कद्दावर नेता शिवपाल यादव को टिकट दिया था, लेकिन अब बदायूं से उनकी जगह उनके पुत्र आदित्य के चुनाव लड़ने की चर्चा है। जबकि बीजेपी ने मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य का टिकट काट दिया है। इस बार बीजेपी के दुर्विजय शाक्य की टक्कर यादव कुनबे से होगी। अगर आदित्य चुनाव लड़े तो उस स्थिति में बदायूं सीट पर रोमांचक मुकाबला होगा। आखिरी समय तक कुछ भी कह पाना संभव नहीं होगा। उधर घोषी सीट पर भी मुकाबला करो या मरो वाला होने वाला है। वहीं आजमगढ़ सीट पर भी सपा ने धर्मेंद्र यादव को उतार कर दिनेश लाल निरहुआ को कड़ी टक्कर दे दी है। सपा का गढ़ रही इस सीट पर भी कांटे की टक्कर हो सकती है।

## क्या केजरीवाल नैतिक आधार खो चुके हैं?

21 मार्च, 2024 को दिल्ली के मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आर्थिक अपराधों के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार की शराब नीति से संबंधित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसके बाद केजरीवाल को उच्च न्यायालय सहित किसी भी न्यायिक कार्यालय से राहत नहीं मिली, और केजरीवाल ने सर्वोच्च न्यायालय से अपना आवेदन वापस लेने का फैसला किया, जिसके कारण वे ही जानते हैं। हालांकि, कांग्रेस पहले से केजरीवाल के कथित भ्रष्टाचार की आलोचना करती रही है, लेकिन अब उसने केजरीवाल का समर्थन करते हुए केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र पर हमला बताया है। चूंकि चुनाव नजदीक हैं और केजरीवाल एक महत्वपूर्ण नेता हैं, और उनकी पार्टी दो महत्वपूर्ण राज्यों में सत्ता में है, इसलिए उनकी गिरफ्तारी का राजनीतिक महत्व बहुत बढ़ गया है। कुछ लोग उनकी गिरफ्तारी को अनुचित मान सकते हैं और कुछ लोग यह भी कह सकते हैं कि इसका उल्टा असर मौजूदा केंद्र सरकार पर पड़ सकता है, क्योंकि केजरीवाल लोगों की सहानुभूति भी बटोर सकते हैं। लेकिन पहला सवाल यह है कि क्या केजरीवाल की गिरफ्तारी सही है? दूसरा सवाल यह है कि आखिर यह शराब नीति क्या है? क्यों इसके कारण पहले केजरीवाल के सिपहसालार मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल पहुंचे और अब खुद केजरीवाल। तीसरा सवाल यह है कि शराब नीति और इसके संचालन में भ्रष्टाचार के आरोप क्या सही हैं? चौथा सवाल यह है कि केजरीवाल अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के भारी प्रयास के बावजूद आम जनता से सहानुभूति क्यों नहीं पा रहे हैं। इस लेख में केजरीवाल शराब नीति और इसके प्रभाव को समझने की कोशिश की जा रही है। सबसे पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि उक्त शराब नीति को उसके अस्तित्व में आने के एक साल के भीतर ही न्यायपालिका या किसी केंद्रीय एजेंसी ने नहीं, बल्कि खुद केजरीवाल सरकार ने वापस ले लिया। तब से ही उक्त नीति की ईमानदारी पर संदेह हैं।

यह शराब नीति क्या है : केजरीवाल शराब नीति लागू होने से पहले, सरकारी और निजी दुकानों पर खुदरा शराब बेची जाती थी। बेची जाने वाली शराब पर उत्पाद शुल्क और मूल्य वर्धित कर (वैट) वसूला जाता था। उल्लेखनीय है कि चूंकि राज्य सरकारों के आग्रह पर पेट्रोलियम उत्पादों, शराब और प्रसाधन सामग्री को जीएसटी से बाहर रखा गया था, इसलिए शराब पर उत्पाद शुल्क राज्य सरकार, इस मामले में केजरीवाल सरकार का विषय है। केजरीवाल शराब नीति में, दिल्ली के क्षेत्रों को 32 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया था, जिसमें 8-10 वार्ड शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 27 दुकानों का प्रावधान रखा गया। इसका मतलब यह था कि प्रत्येक वार्ड में 2-3 शराब विक्रेता होंगे। नई आबकारी व्यवस्था में शहर के 32 क्षेत्रों में समान रूप से वितरित 849 विशाल और वातानुकूलित शराब की दुकानों की परिकल्पना की गई थी। केजरीवाल की शराब नीति को लाने के पीछे एक महत्वपूर्ण तर्क यह था कि इससे उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़े होने के संघर्ष के बिना, वातानुकूलित दुकानों में आसानी से 'शराब खरीदने का सुखद अनुभव' मिलेगा। शराब नीति को 32 जोनों के लाइसेंस की नीलामी से लगभग 10000 करोड़ रुपए की कुल आय की उम्मीद थी। यह पिछले 3 वर्षों के औसत राजस्व 5500 करोड़ रुपए से लगभग दोगुना माना जा रहा था। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल शराब नीति से पहले दिल्ली में 12 से 13 लाख बोतल शराब बिकती थी, जिस पर आबकारी शुल्क और वैट लगाया जाता



था। जब केजरीवाल सरकार की शराब नीति पेश की गई तो आबकारी शुल्क और वैट घटाकर एक-एक प्रतिशत कर दिया गया और इसकी जगह लाइसेंस की नीलामी की गई और जिन विक्रेताओं को लाइसेंस दिए गए थे, वे शराब की कितनी भी बोतलें बेचने के लिए स्वतंत्र थे। इससे शराब की बिक्री में तेजी आने लगी और उपभोक्ताओं को सुखद अनुभव देने के लिए मॉल्स में अधिक दुकानें भी खोली जाने लगीं।

थोक विक्रेताओं का विवादास्पद लाइसेंस और कमीशन = केजरीवाल शराब नीति के साथ-साथ एक और नीति भी शुरू की गई, जो स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण और भ्रष्टाचार से ग्रस्त थी, जिसमें पूर्व में सिर्फ 5 प्रतिशत की तुलना में थोक विक्रेताओं को 12 प्रतिशत कमीशन की अनुमति दी गई। इससे खुदरा विक्रेताओं का मुनाफा कम हो गया, उन्हें अपने लाइसेंस सरेंडर करने और व्यवसाय से बाहर होने के लिए मजबूर होना पड़ा, और सरकार के खिलाफ कानूनी मामले भी शुरू हो गए। शायद, थोक विक्रेताओं की इस कमीशन नीति के कारण ही नए केजरीवाल शराब नीति विफल हुई और अंततः मनीष सिसोदिया और केजरीवाल को जेल जाना पड़ा। आलोचकों का आरोप है कि नीति का मसौदा शराब बाजार में एकाधिकार बनाने की सुविधा के एकमात्र इरादे से तैयार किया गया था। यह केवल कुछ चुनिंदा थोक विक्रेताओं के लिए तैयार किया गया था, क्योंकि थोक विक्रेता के लाइसेंस के लिए बोली लगाने की पात्रता शर्तों में से एक, पिछले 3 वर्षों के दौरान 150 करोड़ रुपए की न्यूनतम वार्षिक बिक्री थी। छोटे खिलाड़ियों को, जिनके पास पहले लाइसेंस था, को बोली प्रक्रिया से बाहर कर दिया। नई नीति ने 'पेरनोड रिकार्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' और 'डियाजियो इंडिया' के ब्रांडों की पेशकश करने वाले मुट्ठी भर थोक विक्रेताओं को खुदरा विक्रेताओं को आपूर्ति और छूट की मात्रा पर महत्वपूर्ण नियंत्रण दिया था। उच्च निश्चित लाभ ने थोक विक्रेताओं के हितों की रक्षा की, लेकिन खुदरा विक्रेताओं को निचोड़ा।

थोक विक्रेताओं का यह अतार्किक और आश्चर्यजनक मार्जिन केजरीवाल शराब नीति का प्रमुख बिंदु बन गया और इसने खुदरा विक्रेताओं को भारी नुकसान पहुंचाया, जिससे उन्हें अपने लाइसेंस भी सरेंडर करने पड़े। इससे केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को भी बड़ा राजनीतिक झटका लगा। चूंकि थोक विक्रेताओं को 12 प्रतिशत कमीशन मिल रहा था, जो सामान्य 3 से 5 प्रतिशत से बहुत अधिक था, इससे खुदरा विक्रेताओं के मार्जिन काफी कम हो गए और उनमें से कई ने अपने लाइसेंस सरेंडर कर दिए और दुकानों को बंद कर दिया। सरकार को इससे राजस्व की भारी हानि हुई और इससे अंततः केजरीवाल शराब नीति वापस लेने हेतु आवाजें उठने लगी। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा इसकी जांच के आदेश दिए जाने के बाद, यह खुलासा हुआ कि सरकार से जुड़े लोगों ने थोक विक्रेताओं से उनके लाभ का एक बड़ा हिस्सा वापस लिया और उसके प्रमाण भी मिल गए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर धन के निशान पाए हैं, जो लगभग 100 करोड़ रुपए है। इतनी या इससे अधिक राशि को आम आदमी पार्टी से जुड़े लोगों को हस्तांतरित कर दिया गया।

नैतिक प्रश्न: भ्रष्टाचार के कानूनी प्रश्नों पर तो जांच एजेंसियां पहले से ही काम कर रही हैं, लेकिन नैतिकता के प्रश्न ऐसे हैं, जिनसे शायद केजरीवाल खुद को कभी मुक्त न कर पाएं। उनके गुरु गांधीवादी अन्ना हजारे पहले ही केजरीवाल शराब नीति के लिए उनकी आलोचना कर चुके हैं और उनकी गिरफ्तारी को उचित ठहरा चुके हैं। अरविंद केजरीवाल के लिए उनकी शिकायत यह है कि उनके शिष्य के रूप में उन्होंने शराब के खिलाफ आवाज उठाई और अब वही केजरीवाल शराब नीति के लिए गिरफ्तार हुए हैं और यह सही भी है। हमारे संविधान में शराबबंदी राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों में से एक है। गुजरात और बिहार सहित कुछ राज्यों ने पूर्ण शराबबंदी भी लागू की है। बिहार में, सीएम नीतीश कुमार ने अच्छी प्रसिद्धि अर्जित की है, क्योंकि इस कदम ने परिवारों को शराब के अभिशाप से मुक्ति दिलाई है। अन्य राज्यों में भी शराब पर उच्च उत्पाद शुल्क लगाया जाता है और इसका उद्देश्य कभी भी बड़ा राजस्व कमाना नहीं होता। बहरहाल यह ठीक नहीं कि केजरीवाल राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार हैं।

**-डा. अश्वनी महाजन**
**कालेज प्रोफेसर**

## राशिफल


चैत्र कृष्ण पक्ष : द्वतीया | (विक्रम संवत् 2081)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** शुभता के प्रतीक बने हुए हैं। स्वास्थ्य की स्थिति पहले से बेहतर। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम है।




**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। कर्ज की स्थिति आ सकती है। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति। यात्रा में लाभ। स्वास्थ्य मध्यम।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान पहले से बेहतर। व्यापार बहुत अच्छा।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** जीवनसाथी से कोई खुशहाल समाचार मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। प्रेम की स्थिति बहुत अच्छी है। संतान की स्थिति बहुत अच्छी है।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है। मां के स्वास्थ्य में सुधार।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। सत्य साधक की तरह व्यवहार करेंगे।



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 56वें दिन भी जारी रहा।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद मिर्ज़ापुर ने हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की काव्य गोष्ठी

**मिर्ज़ापुर ( चेतना मंच )।** नव वर्ष (विक्रम संवत) की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद मिर्ज़ापुर शाखा के सौजन्य से डी डी त्रिपाठी मेमोरिल हॉस्पिटल में डॉ. अनुज प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ नीरज त्रिपाठी मुख्य अतिथि और राजपति ओझा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन इला जायसवाल ने किया। कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक चला।

कार्यक्रम का प्रारम्भ सृष्टि राज ने सरस्वती वंदना से की। मुख्य अतिथि नीरज त्रिपाठी ने नव वर्ष को धूमधाम से मनाने के लिए प्रेरित किया और सुनाया- सज रहा है, संवर रहा है, मां का सुंदर भव्य धाम, कॉरिडोर सुंदर सुसज्जित, दिव्य, सुगम और सुरक्षित।




अध्यक्षता कर रहे अनुज प्रताप सिंह ने विक्रम संवत व अन्य कैलेंडर के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि विक्रम संवत अंग्रेजी कैलेंडर से भी पुराना है। हिन्दू धर्म के सभी कार्य जैसे जन्मकुंडली, विवाह मुहूर्त आदि विक्रम संवत पंचांग से ही तय होते हैं। विशिष्ट अतिथि राजपति ओझा ने नव वर्ष व नवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं दी। भारत विकास परिषद मिर्ज़ापुर की अध्यक्ष नीलू सिंह ने सुनाया- आपके आगमन से हुआ काव्यमय। सारी नियती करे है झनन झन झनन। सुशील सिंह ने विक्रम संवत के अनुसार नया वर्ष मनाने के लिए आग्रह किया और नए साल की शुभकामना दी।

काव्यपाठ के क्रम में डॉ सुधा सिंह ने सुनाया-बस सासों की धड़कन सासों में समाई है। हमें कही कोई सूरत नजर नहीं आई है। आनंद अमित ने सुनाया-वीरों की राह में बिछना काम है मेरा, अजी गुलाब नाम है मेरा। सारिका चौरसिया ने सुनाया-गिरी राज कुमारी शैल सुते कैलाशपति की प्राणप्रीये। नंदिनी वर्मा ने सुनाया- तंग सियासत की गलियों में नाग कालिया डोल रहा है। इला जायसवाल ने सुनाया-जो है सहनशील ममता से भरी हुई वह है नारी। सृष्टि राज ने सुनाया-राष्ट्रपिता कह कह कर बस नाता भर जोड़ा जाता है। कार्यक्रम के अंत में आनंद अमित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डॉ होरिल का लेखकीय व्यक्तित्व बहुआयामी है : भोलानाथ कुशवाहा

## साहित्य भूषण डॉ होरिल की जयंती मनायी गयी, काव्य पाठ भी हुआ

**मिर्जापुर ( चेतना मंच )।** अक्षर सी साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार साहित्य भूषण डॉ राम शिरोमणि होरिल का जयंती समारोह चंद्रावती जोगेश्वर इंटर कॉलेज हरियाँवा, भदोही में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में बाहर से आये व स्थानीय विद्वानों ने डॉ होरिल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की और उनसे जुड़े अनेक संस्मरण सुनाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मिर्जापुर के वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि डॉ होरिल का लेखकीय व्यक्तित्व समृद्ध और बहुआयामी रहा है। सीता महाकाव्य लिख कर उन्होंने एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। मुख्य अतिथि प्रो विद्या शंकर त्रिपाठी ने कहा कि डॉ होरिल जनपद में प्रथम दलित साहित्यकार के रूप में प्रतिष्ठित हैं। वे कथा लेखक के रूप में भदोही के प्रेमचंद हैं।

विशिष्ट अतिथि पं पारसनाथ मिश्र ने उनसे जुड़े संस्मरण सुनाने के साथ ही उन पर एक कविता प्रस्तुत कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया-हाथ जोड़ श्रद्धा सहित विनवत पारस नाथ, होरिल नित होरिल रहें रघुनाथ। विशिष्ट अतिथि द्वय श्रीमती सुमति श्रीवास्तव एवं श्रीमती रिचा सिंह ने उन पर कई




संस्मरण प्रस्तुत कर सुमधुर गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के संयोजक कवि कर्मराज किसलय यादव नें डॉ होरिल के साथ व्यतीत किये अनेक क्षणों को याद कर उनको अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कविता सुनाई।

विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र बहादुर सिंह पंकज ने अपनी रचनाओं के द्वारा सामाजिक कुरीतियों व भ्रष्टाचार पर प्रहार किया। रामपति पाल ने डॉ होरिल की जयंती को लक्ष्य कर मनोहारी सोहर लोकगीत प्रस्तुत किया। हस्यव्यंग्य के सशक्त रचनाकार डॉ कृष्णावतार त्रिपाठी राही की कविताएँ काफी सराही गयीं।पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक उ.प्र. डॉ ब्रह्मदेव ने डॉ होरिल को साहित्य परिवार के भीष्म पितामह की उपमा दी।प्रेम जौनपुरी, राजपति, एकल बनारसी, अजय विश्वकर्मा शान, संजय सरोज शास्त्री, मन्नूलाल यादव,अरुण कुमार यादव आदित्य, अरविंद कुमार होरिल, इंद्रजीत सिंह वियोगी,मनोज कुमार मितवा, अजय विश्वकर्मा, कमला शंकर सिंह कमल आदि ने रचनायें प्रस्तुत की। वासुरी वादक कमल कुमार ने बाँसुरी पर कई लोकप्रिय धुनें सुनाकर लोगों को मंत्र-मुग्ध कर दिया।

डॉ होरिल के सुपुत्र चंदन बागीश, प्रचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली ने इस अवसर पर विद्वानों व कवियों-शायरों को सम्मान पत्र प्रदान किया।विद्यालय के प्रबंधक कौस्तुभ ने अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। वीररस के कवि संदीप कुमार बालाजी ने कुशल संचालन किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजकुमार सरोज, लालमणि, रिंकी देवी,नगीना देवी,सुनैना, कुसुम आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संगठन से लोगों को जोड़ने का अभियान शुरू




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सभी पदाधिकारी एक-एक गांव से 25-25 लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करेंगे।

यह बात भारतीय किसान यूनियन के पश्चिमी प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने कही है। उन्होंने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के निर्देश पर सभी कार्यकर्ता एक गांव से 25-25 लोगों को अब संगठन से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन को और मजबूती देने के लिए यह अभियान शुरू किया जा रहा है।

# सीवर लाइन जाम, लोग परेशान

## जेई नहीं सुनता लोगों की शिकायत





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही के कारण नगला चरण दास गांव में सीवर लाइन पूरी तरह से बज बजा रही है। यही नहीं सीवर के जाम होने के कारण वहां का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। इस बात की शिकायत स्थानीय निवासी तेजराम शर्मा ने जब स्थानीय जेई से की तो भी कार्रवाई नहीं हुई। गंदे पानी की बदबू से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

बताया जाता है कि नगला चरण दास गांव में एक महीने से अधिक सीवर लाइन पूरी तरह से जाम है और वहां का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जहां सफाई अभियान पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। वहीं उनके मातहत अधिकारी लोगों की समस्याओं को अनसुना कर रहे हैं। तेजराम शर्मा ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से सीवर लाइन की समस्या पर ध्यान देने की बात कही है और उन्होंने कहा कि शीघ्र इस पर कार्रवाई हो।

## पृष्ठ एक के शेष....

**एनआरआई ने...**

सोमनाथ शर्मा के पक्ष में उसके पिता कृष्णा द्वारा जो वसीयत की गई थी उस वसीयत को उन्होंने वर्ष 2018 में निरस्त कर दिया था वसीयत निरस्त करने के कुछ दिनों के पश्चात उनकी मृत्यु हो गई थी। इस दौरान उसे यह भी पता चला कि उक्त मकान के संबंध में सोमनाथ शर्मा बनाम बबीता रानी शर्मा आदि के नाम से दिल्ली के कड़कड़डूमा न्यायालय में वाद लंबित है।

इस बारे में सोमनाथ शर्मा ने उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी यह जानकारियां मिलने पर उन्होंने सोमनाथ शर्मा को कई पत्र लिखकर अपने पैसे वापस मांगे लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। राजीव छिब्बा के मुताबिक सोमनाथ शर्मा फ्रांस में रहता है और उसके पास ओसीआई कार्ड है। सोमनाथ शर्मा ने उसके साथ जानबूझकर धोखाधड़ी कर 31 लाख 50 हजार रुपए की धनराशि हड़प ली और अब वह फ्रांस जाने की फिराक में है। 29 नवंबर 2022 को वह सोमनाथ शर्मा के घर पहुंचा और अपने पैसे वापस मांगे तो उसने उसके साथ गाली-गलौज कर दी। इस दौरान मौके पर मौजूद दो अज्ञात लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार उसने इस मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

थाना सेक्टर-20 प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर सोमनाथ व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री...**

इस वीडियो से हिंदूओं की भावनाओं को बहुत ठेस पहुंची है और समाज के संगठनों में काफी आक्रोश है। साथ ही सैकड़ों की संख्या में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जमा होकर आंवला कोतवाली परिसर में जमकर हंगामा किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधिकारी से जल्द एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए आरोपी पर एक्शन की मांग की है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बरेली के कोतवाली पुलिस ने धमकी देने के आरोप में फैज रजा नाम के एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं उस मामले पर पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। लोगों को निवेदन है कि वह मौके पर शाति बनाए रखें। आपको बता दें इससे पहले भी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को जान से मारने की धमकियां मिल चुकी है। ऐसे में उनके साथ सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

**फंदे पर लटका...**

वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया।

थाना प्रभारी का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की पुलिस गहनता से पड़ताल कर रही है।

**पत्नी के जाते...**

पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच पारिवारिक कलह का मामला प्रकाश में आया है।

**रबूपुरा के जंगल...**

अपना नाम दीपक पुत्र तेजा रामनिवास ग्राम नांगलिया थाना चंद घाट जनपद पलवल हरियाणा बताया। उसने बताया कि फरार आरोपियों में उसके पिता तेजराम व उनके साथी है। पुलिस ने जब मौका मुआयना किया तो वहां भट्टी जलती हुई तथा शराब तैयार होती हुई मिली। मौके से 140 लीटर तैयार कच्ची शराब 200 लीटर आप मिश्रित कच्ची शराब (लहन), लोहे का कटा हुआ ड्रम भट्टीनुमा प्लास्टिक के दो ड्रम प्लास्टिक के केन 5 किलो यूरिया खाद 2 किलो गुड 100 ग्राम नौसादर सेक्शन पाइप आदि बरामद हुए। एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए दीपक ने बताया कि वह तथा उसके पिता कच्ची शराब की भट्टी चलाते हैं। दीपक की निशानदेही पर उसके घर के बाहर बने उपलों के बिटोड़े में छुपाकर रखी गई 100 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई। आरोपी दीपक व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

वहीं थाना सूरजपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर निक मोड़ के पास खड़े वीरेश उर्फ वीर को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक पेटी अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का की बरामद हुई। पूछताछ के बाद पुलिस ने वीरेश की निशान दही पर टेलीफोन एक्सचेंज के पास झाड़ियां में छिपकर रखी गई 9 पेटी शराब और बरामद की। पकड़े गए विरेश ने बताया कि वह हरियाणा से सस्ती दरों पर शराब लाकर उसे ट्रक ड्राइवर मजदूरों को ऊंचे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाता है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**मकान की ग्रिल...**

सेक्टर 71 स्थित ग्रीन एवेन्यू सोसायटी में रहने वाले अमित कुमार पांडे ने बताया कि वह होली के त्योहार पर 22 मार्च को अपने गृह जनपद चला गया था। 8 अप्रैल को पड़ोसियों ने सूचना दी कि उसके मकान की ग्रिल टूटी हुई पड़ी है इस सूचना के आधार पर वह तुरंत अपने घर वापस आया घर आने पर पता चला कि चोरों ने उसके मकान की खिड़की की ग्रिल काट कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर उसके घर से लैपटॉप, जिओ सेट टॉप बॉक्स वेस्टर्न डिजिटल हाई ड्राइव सोने के जेवरात परफ्यूम चोरी कर ले गए। पीड़ित के मुताबिक घर से चोरी गए सामान की कीमत करीब 2 लाख रुपए है थाना फेस तीन प्रभारी ने बताया कि पीडति की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं थाना सूरजपुर में सेक्टर डेल्टा-2 निवासी महेंद्र प्रताप उपाध्याय ने अपनी शटरिंग की प्लेट चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महेंद्र प्रताप उपाध्याय ने बताया कि यूपीएसआईडीसी हाउसिंग के एक प्लॉट पर चल रहे निर्माण कार्य में उसकी शटरिंग की प्लेट लगी हुई है। 25 मार्च की रात्रि को चोरों ने साइट से उसकी प्लेट चोरी कर ली। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**अमित शाह की रैली...**

इस रैली के व्यापक प्रचार प्रसार के अलावा अधिकाधिक भीड़ जुटाने का भी आवाहन किया गया। बैठक में नोएडा महानगर की टीम के अलावा सभी प्रकोष्ठों, मंडलों तथा बूथों के पदाधिकारी मौजूद थे।

इसमें प्रमुख तौर पर महानगर अध्यक्ष के अलावा महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश यादव, भाजयुमो अध्यक्ष रामनिवास यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, नीता बाजपेयी, शहरी विकास मोर्चा अध्यक्ष प्रसेनजीत, किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमवीर अवाना आदि मौजूद थे।

**फ्लैट में सो रहा...**

भी अपने फायर फाइटिंग सिस्टम से आग बुझाने का काम शुरू कर दिया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फ्लैट में आग लगने के बाद उसकी लपटे काफी तेजी से फैल रही थी। अग्निशमन कर्मियों ने सीढ़ी की मदद से होज पाइप फैलाकर करीब 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया। नीचे वाले फ्लैट से आग लगकर ऊपर वाले फ्लैट तक पहुंच गई थी इस कारण वहां बालकनी में रखा सामान भी जल गया। सीएफओ के मुताबिक आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई है।

वहीं ग़ाजियाबाद के फ़ायर स्टेशन कोतवाली में 10.03 बजे महेन्द्र कुमार गर्ग पुत्र जयप्रकाश गर्ग पता-2 रोगन ग्राम दिल्ली गेट में स्थित मकान में आग की सूचना मिली, सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 02 फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए, घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग भवन के प्रथम तल पर लगी थी, फ़ायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाईन फैलाकर फ़ायर फ़ाइटिंग करना शुरू कर दिया, फायर यूनिट ने कड़ी मक्कत के बाद आग पर काबू पाया। धुआँ अधिक होने के कारण खिड़कियों के माध्यम से धुए के बाहर निकाला गया।

**सेक्टर-104 में अवैध...**

विकसित किया जाए। सेक्टर-98, 96 और सेक्टर-100 के सामने गार्बेज पड़ा मिला जिसे तत्काल साफ करने के लिए कहा गया। सेक्टर-98 व 105 के मध्य हाजीपुर अंडरपास के समीप हाइमास्ट लगाने के लिए कहा गया।

# ई-रिक्शा में भरी थी 44 पेटी तस्करी की शराब



**नोएडा ( चेतना मंच )।**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब की तस्करी रोकने के लिए गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना बिसरख पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से ई-रिक्शा में लादकर लाई जा रही 44 पेटी शराब की बरामद हुई है।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक शराब तस्कर ई-रिक्शा में शराब लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बीएलएस स्कूल के पास एक ई-रिक्शा चालक को जांच के लिए रोका।


ई-रिक्शा में शराब की पेटियां भरी हुई थी। ई-रिक्शा चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम प्रकाश सिंह पुत्र राजू सिंह निवासी चिपियाना खुर्द बताया। प्रकाश सिंह ने बताया कि वह हरियाणा में उत्तर प्रदेश से शराब खरीदकर उसे महंगी दरों पर बेचता है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# श्री झूलेलाल जयंती सिंधी समाज ने मनाया चेटीचंड पर्व

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय सिंधु सभा उत्तर प्रदेश पंजीकृत के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार जोतवानी ने बताया कि आज 10 अप्रैल 2024 को सिंधी समाज अपने इष्ट देव झूलेलाल जयंती महोत्सव चेट्रीचंड्र के रूप में पूरी दुनियां में मना रहे है। सिंधी समाज इस पर्व को बड़ी आस्था व विशालता से मानता है।

इस दिन समाज अपनी दुकानें व्यवसाय बंद रखकर पर्व मनाने में शामिल होता है। इष्ट देव झूलेलाल की विभिन्न झांकियों सहित शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें समाज का हर नागरिक शामिल होता है जिससे समाज में एकता देखने लायक होती है। इस बार इष्ट देव झूलेलाल जयंती चेटीचंड्र, व सिंधी भाषा दिवस 10 अप्रैल 2024 का एक साथ योग आया है।

सिन्धु घाटी की सबसे पहली व पुरानी सभ्यता मोहनजोदड़ोहै,यही सिंध में ही




झुलेलाल जी का जन्म हुआ था। उनके जन्म को आज भी पूरे विश्व के सिन्धी समाज लोग झुलेलाल जयंती या चेट्री चंड्र नाम से मनाते है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

## खास खबर

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के शोधकर्ताओं ने शीघ्र रोग ट्रैकिंग और चिकित्सा सहायता के लिए सेंसर विकसित किया

**जोधपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के शोधकर्ताओं ने एक नैनोसेंसर विकसित किया है जो विभिन्न कोशिकाओं को नियंत्रित करने वाले प्रोटीन के एक समूह साइटोकिन्स का शीघ्र पता लगाने में मदद करता है। इस विकास का उद्देश्य तुरंत निदान और रोग के प्रारंभिक चरण में पता न लग पाने के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। इसके अलावा, इस प्रौद्योगिकी में स्वास्थ्य निगरानी, रोग निदान और प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया ट्रैकिंग के लिए एक तीव्र और पॉइंट-ऑफ़-केयर तकनीक के रूप में उपयोग करने की अपार संभावनाएं हैं। साइटोकिन्स एक बायोमार्कर हैं जो सूजन और जलन के कई मापकों में शामिल होता है। इसका उपयोग बीमारियों के निदान और प्रगति की निगरानी के लिए किया जाता है।

### मनोरंजन से भरपूर लाइव ऐक्शन फ़िल्म लव यू शंकर का ट्रेलर जारी

**मुंबई, एजेंसी।** एनिमेशन और वास्तविक किरदारों के अद्भुत संगम से बनी अनोखी फ़िल्म लव यू शंकर का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आज सोशल मीडिया पर रिलीज़ कर दिया गया जिसे लोगों का काफ़ी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. पौराणिकता और आधुनिकता के मेल से बनी लव यू शंकर धार्मिक आस्था, आपसी दोस्ती और रोमांच से भरपूर ऐसी मनोरंजक और जादुई कहानी को पेश करती है जिसे देखकर दर्शक पूरी तरह से मुग्ध हो जाएंगे.
ग़ौरतलब है कि लव यू शंकर का निर्देशन राजीव एस. रूईया ने किया है, फ़िल्म की निर्माता हैं एसडी वर्ल्ड फ़िल्म्स प्रोडक्शन से संबंध रखने वाली सुनीता देसाई. फ़िल्म में श्रेयस तलपड़े, तनीशा मुखर्जी, अभिमन्यु सिंह, संजय मिश्रा, हेमंत पांडे और मन्त्र गांधी जैसे बेहतरीन कलाकार विविध तरह के रोचक किरदारों में दिखाई देंगे. लव यू शंकर की कहानी का ताना-बाना बनारस जैसे पवित्र व आध्यात्मिक शहर के रूप में मान्यता रखने वाले बनारस की पृष्ठभूमि में बुना गया है.

### श्रीधी मिल्क के संस्थापक नितिन जैन को सम्मानित किया गया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दूध उद्योग में नए दौर में श्रीधी मिल्क के संस्थापक नितिन जैन जी को जैन रत्न पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। उन्होंने डेरी उद्योग की मुश्किलों को पार करते हुए डेरी उत्पादन में प्रोडक्ट की शुद्धता और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्यपूर्ण प्रोडक्ट समाज में उपलब्ध कराए है. जैसे दूध उबलने पर अपने स्वाद में और मिठास घोलता है, इस तरह श्रीधी दूध के प्रोडक्ट अपने स्वाद और शुद्धता से मध्य प्रदेश व अन्य प्रदेश के हर घर में अपनी शक्तिशाली छाप छोड़ता है.. नितिन जी जैन का कहना है की उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी अपने उत्पादों की उपलब्धता बनाई रखी है और किसानों को रोजगार का मौका दिया है। नितिन जी का सामाजिक क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है, वह जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में जैन सोशल ग्रुप एलिगेंट में अध्यक्ष पद पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं, उन्होंने समाज में अनेक लोगों की मदद की, विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों की। .

# आइसक्रीम, केक और चॉकलेट के लिए और ढीली करनी पड़ सकती है जेब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चॉकलेट, आइसक्रीम और केक के लिए आपको अधिक दाम चुकाने पड़ सकते हैं। कोको की आसमान छूती कीमतों का असर अब चॉकलेट वाले प्रोडक्ट्स पर दिखने वाला है। न केवल चॉकलेट निर्माता बल्कि डेयरी दिग्गज अमूल, आइसक्रीम ब्रांड बास्किन रॉबिंस और यहां तक कि स्नैक्स बनाने वाली और अन्य कंपनियों को कोको की ऊंची कीमतों का असर महसूस होने लगा है। अमूल ब्रांड के मालिक गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के एमडी जयेन



मेहता ने टीओआई को बताया कि अमूल अपने चॉकलेट की कीमत 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार कर रहा है।

### करीब पांच गुना तक बढ़ गई कोको की कीमत

एमडी जयेन मेहता ने कहा, भारत में एक किलोग्राम कोको बीन्स की कीमत 150 से 250 रुपये से बढ़कर 800 रुपये हो गई है। डार्क चॉकलेट क्षेत्र में हमारी सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी है, जिसमें कोकोआ बटर को एक प्रमुख घटक के रूप में यूज किया जाता है। यह वृद्धि लगभग दो महीने में लागू की जाएगी। अमूल ने फिलहाल आइसक्रीम और पेय पदार्थों की कीमतें बरकरार रखी हैं, उसे नहीं लगता कि चॉकलेट की ऊंची कीमतें उसकी बाजार हिस्सेदारी को कम करेंगी। मेहता ने कहा, आइसक्रीम जैसे मौसमी प्रोडक्ट की कीमतें बढ़ाना बहुत आसान नहीं है।

### कंपनियों ने बनाई रणनीति

अमेरिकी आइसक्रीम ब्रांड बास्किन रॉबिंस भी कोको की कीमतों में आई गर्मी से प्रभावित है। भारत में बास्किन रॉबिंस के मास्टर फ्रैंचाइज अधिकार रखने वाले ग्रेविस फूड्स के सीईओ मोहित खट्टर ने कहा, कई कोको बेस्ड प्रोडक्ट की कीमतें पहले की तुलना में 70-80 तक बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा, फिलहाल हमने बढ़ी हुई इनपुट लागत के कारण बढ़ती लागत को अब्जार्ब करने का फैसला किया है, जिससे उपभोक्ताओं को कीमतें प्रभावित नहीं करेंगी। हम सीजन खत्म होने के बाद स्थिति का फिर से आकलन करेंगे और आगे की कार्रवाई पर फैसला लेंगे। हमें अभी भी इस गर्मी में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। हैवमोर आइसक्रीम ने साल की शुरुआत में पहले से ही कीमतों में छोटी सी बढ़ोतरी कर चुकी है। अपने मूल्य निर्धारण के मौजूदा स्तर को बनाए रखने की कोशिश करेगी। हैवमोर के प्रबंध निदेशक कोमल आनंद ने कहा,मूल्य वृद्धि उन श्रेणियों में अंतिम उपाय है। हम कोको की कीमतों में बढ़ोतरी के प्रभाव को कम करने के अन्य तरीकों की तलाश करेंगे।

### अमूल ने कीमतों में बढ़ोतरी की योजना बनाई

अमूल, बास्किन रॉबिंस और हैवमोर आइसक्रीम कोको की कीमत में वृद्धि को अलग-अलग तरीके से निपट रहे हैं। हालांकि, अमूल ने कीमतों में बढ़ोतरी की योजना बनाई है, बास्किन रॉबिंस और हैवमोर आइसक्रीम का लक्ष्य रणनीतिक उपायों का लाभ उठाते हुए कोको की बढ़ी हुई लागत के बावजूद कीमतें स्थिर रखना है।

## सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड और फोनपे ने यूपीआई पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए दो साल की साझेदारी की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय यात्री अब सिंगापुर में 8,000+ मर्चेंट को तुरंत, आसानी और सुरक्षित तरीके से पेमेंट करने के लिए फोनपे ऐप का उपयोग कर सकते हैं, जिससे इस आइलैंड सिटी में घूमने का एक बेहतर अनुभव देगानेशनल, 2024- सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड और फोनपे ने दो साल के लिए एक समझौता ज्ञापन परहस्ताक्षर किए। बुधवार, 3 अप्रैल की सुबह आयोजित एक समारोह में एसटीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव, मेलिसा ओउ और फोनपे के लिए अंतर्राष्ट्रीय पेमेंट बिजनेस के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, रितेश पई ने औपचारिक रूप से इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग भारत और सिंगापुर के बीच मौजूदा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस लिंकेज पर आधारित है जो ग्राहकों को अपने मौजूदा भारतीय बैंक खातों से सीधे दोनों देशों के बीचसीमा पार लेनदेन करने की सुविधा देता है।इस साझेदारी के तहत, एसटीबी और फोनपे प्रमुख पर्यटन स्थलों को प्रोमोट करने और यहां यूपीआई के जरिए सुचारूपेमेंट सुविधा देने के लिए भारत और सिंगापुर में मार्केटिंग के लिए मिलकर निवेश करेंगे।यह रणनीतिक साझेदारी किसी डेस्टिनेशन और यूपीआई पेमेंट प्लेटफॉर्म के बीच अपनी तरह का पहला प्रयास है।ये सिंगापुर के शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों के अनुभव को और शानदार बनाने के लिए एसटीबी और फोनपेकी प्रतिबद्धता पर जोर देती है। इस करार के जरिए सिंगापुर जाने वाले यात्री अपने फोनपे एप का यहाँ भी इस्तेमाल करने का आनंद उठा सकेंगे और यात्रा के दौरान यूपीआई पेमेंट जैसी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

## अप्रैल के बाद विदेशी मार्केट में नहीं मिलेगी ओला कैब्स की फैसिलिटी, कंपनी ने रोलआउट का किया ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राइडशेयरिंग कंपनी ओला कैब्स ने इस महीने के अंत तक मौजूदा सभी इंटरनेशनल मार्केट में अपने ऑपरेशन को बंद करने का ऐलान किया है। कंपनी 12 अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया में अपनी परिचालन सुविधा को बंद करने के साथ यूजर्स को नोटिफिकेशन भेजना शुरू कर दिया है। बता दें कि ओला कैब्स ने साल 2018 में ही ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में इस सुविधा को रोलआउट करने का ऐलान कर दिया था। आइए जानते हैं पूरी खबर के बारे में विस्तार से।

कंपनी के इस फैसले के बाद फर्म के एक प्रवक्ता ने कहा, मोबिलिटी का फ्यूचर इलेक्ट्रिक है और राइड-हेलिंग बिजनेस के लिए ओला के पास भारत में विस्तार करने के लिए बहुत बड़ा अवसर है। इस क्लियर फोकस के साथ हमने अपनी प्राथमिकताओं का मूल्यांकन किया है और अपने विदेशी राइड-हेलिंग बिजनेस को उसके मौजूदा स्वरूप में बंद करने का निर्णय लिया है। ईटी की खबर के अनुसार, बता दें कि कंपनी ओला कैब में शामिल बाइक और टैक्सी का इलेक्ट्रिफिकेशन करने पर ध्यान दे रही है। बता दें कि जनवरी में ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बक्शी ने कहा था कि, कंपनी अपने बेड़े में शामिल बाइक और टैक्सी के विद्युतीकरण पर ध्यान केंद्रित करेगी। हमारे पास पहले से ही ओला इलेक्ट्रिक के लगभग 8,000 इलेक्ट्रिक स्कूटर है। अब कंपनी थ्री-व्हीलर और फोर-व्हीलर व्हीकल को भी पूरी तरह से विद्युतीकृत करने जा रही है।

## डार्क वेब पर लीक हुआ बोट के 75 लाख ग्राहकों का डेटा, कंपनी ने कही जांच की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोट इंडिया के करीब 75 लाख ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक होने की खबर सामने आई है। इसमें ग्राहकों के नाम, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी आदि जानकारी है। बता दें, भारत में बोट किफायती ऑडियो सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिकने वाले ब्रांडों में से एक है, जिसने पिछले कुछ सालों में इस ग्लोबल लेवल पर भी इस ब्रांड को टॉप चार्ट में पहुंचा दिया है। घरेलू ऑडियो और वियरेबल ब्रांड बोट ने कहा कि वह अपने ग्राहकों की जानकारी से जुड़े संभावित डेटा लीक की जांच कर रहा है। कंपनी ने उन रिपोर्ट्स के बाद प्रतिक्रिया दी जिनमें दावा किया गया था कि साइबर उल्लंघन




ने स्पष्ट रूप से उसके 75 लाख से अधिक ग्राहकों के डेटा से समझौता किया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया, बोट ग्राहकों की जानकारी से जुड़े संभावित डेटा लीक के हालिया दावों से अवगत है। कंपनी ने कहा कि उसने इन दावों को गंभीरता से लिया और तुरंत एक व्यापक जांच शुरू की। प्रवक्ता ने कहा कि बोट में, ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ग्राहकों का सारा निजी डेटा लीक!

फोर्ब्स इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि बोट के ग्राहकों के नाम, ई-मेल पते, फोन नंबर और यहां तक कि उनके आवासीय पते जैसे बेहद निजी डेटा भी साइबर हमले की चपेट में आए हैं।5 अप्रैल, 2024 नाम के एक हैकर द्वारा किए गए डेटा उल्लंघन का भी उल्लेख किया गया है, जिसने 2लाक्से अधिक बोट ग्राहक डेटा को डंप करने और इसे डार्क वेब पर उपलब्ध कराने का दावा किया है।बता दें, यदि कोई हैकर डेटाबेस पर कब्ज़ा कर लेता है, तो वे न केवल डिवाइस सुरक्षा को दरकिनार करने के लिए आपके फोन नंबर और ईमेल आईडी का उपयोग कर सकते हैं,

## आवेदन के सात दिन के भीतर खुल जाएगा ई-बीमा खाता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने 1 अप्रैल से बीमा पॉलिसी को इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में रखना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए बीमाधारकों को ई-इंश्योरेंस खाता खुलवाना होगा, जहां सभी तरह की बीमा पॉलिसी को डिजिटल रूप में सहेज कर रखा जा सकेगा। इसके बाद कागजी पॉलिसी की जरूरत खत्म हो जाएगी। आइए जानते हैं कि ई-इंश्योरेंस खाता खोलने की प्रक्रिया क्या है-

इरडा ने चार बीमा रिपॉजिटरी को अधिकृत किया है, जो देश में ई-इंश्योरेंस खाता खोलने की सुविधा प्रदान करते हैं। इन रिपॉजिटरी के पास पॉलिसी डिजिटल रूप में संग्रहित होंगी। ये रिपॉजिटरी हैं - सीएएमएस इंश्योरेंस रिपॉजिटरी, कार्वी, एनएसडीएल डेटाबेस मैनेजमेंट और सेंट्रल इंश्योरेंस रिपॉजिटरी ऑफ इंडिया। ई-इंश्योरेंस खाता खोलने के लिए सबसे पहले इन चार रिपॉजिटरी में से किसी एक का चयन करना होगा। इसके बाद इनकी वेबसाइट पर जाकर फॉर्म डाउनलोड करें। अब केवाईसी दस्तावेजों को अपनी इंश्योरेंस कंपनी के ब्रांच ऑफिस जाकर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा कुरियर भी कर सकते हैं। आवेदन स्वीकार होने और सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ई-इंश्योरेंस खाता सात दिनों में खुल जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है।

ई-बीमा खाता एनक्रिप्टेड होगा यानी केवल बीमाधारक ही इसका इस्तेमाल कर पाएगा। किसी तीसरे पक्ष की पहुंच इस तक नहीं होगी। ग्राहक को अपनी सभी बीमा पॉलिसी इस ई-खाते से जोड़नी होंगी। लिंक करने के बाद पॉलिसीधारक अपनी पॉलिसी विवरण और नवीनीकरण की तिथि को आसानी से ट्रैक कर सकेंगे। ई-बीमा खाता खुलवाने के बाद इसमें नॉमिनी जोड़ना भी अनिवार्य है। बीमाधारक का निधन होने की स्थिति में नॉमिनी इस खाते तक पहुंच पाएगा। सबसे पहले कन्वर्जन फॉर्म भरना होगा। इसमें पॉलिसीधारक का नाम, पॉलिसी संख्या, ई-इंश्योरेंस खाता संख्या और बीमा कंपनी का नाम दर्ज करना होगा। इसे ई-इंश्योरेंस फॉर्म के साथ कंपनी की ब्रांच में जमा कराना होगा। जैसे ही ये परिवर्तित हो जाएगी, पॉलिसीधारक को एसएमएस और ई-मेल से इसकी सूचना मिल जाएगी।

## आईआईटी मद्रास ने पूरी दुनिया में अपनी शैक्षिक प्रभुता बढ़ाने के लिए रिसर्च फाउंडेशन लॉन्च किया



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने आईआईटी मद्रास रिसर्च फाउंडेशन लॉन्च किया है।संस्थान का लक्ष्य पूरी दुनिया में अपनी शैक्षिक प्रभुता बढ़ाना है ।संस्थान के अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम से शुरुआत करने वाले स्टार्ट-अप को इस फाउंडेशन के माध्यम से विश्वबाजार में पहुंच, पूंजी, अनुसंधान और नवाचार के लिए वित्तीय सहयोग मिलेगा।विभिन्न विश्वविद्यालयों से सहयोग और उद्योग जगत से भागीदारी के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान के मास्टर और डॉक्टरेट प्रोग्रामों को बढ़ावा मिलेगा।

संस्थान ने इस दूरदृष्टि को साकार करने के लिए आईआईटीएम रिसर्च फाउंडेशन का पहला सीईओ श्री थिरुमलाई माधवनारायण को नियुक्त किया है जो व्यवसाय प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के काफी सीनियर प्रोफेशनल हैं। 'आईआईटी मद्रास रिसर्च फाउंडेशन'का लक्ष्य पूरी दुनिया में आईआईटी मद्रास की पहुंच बढ़ाना, नवाचार और उद्यमिता बढ़ाने पर जोर देना और साथ ही, उद्योग जगत तथा अनुसंधान एवं विकास के लिए साझेदारियां बढ़ाना है। आईआईटी मद्रास रिसर्च फाउंडेशन का सपना सामने रखते हुए आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफ़ेसर वी. कामकोटि ने कहा, ''भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और हमारा देश दुनिया में स्टार्टअप का गढ़ बनने वाला है । आईआईटीएमआरएफ देश का यह सपना सच करने के लक्ष्य से अपना काम करेगा।हमें खुशी है कि फाउंडेश के सीईओ श्री नारायण स्वयं उद्योग जगत के दिग्गज रहे हैं।'' आईआईटीएमआरएफ से अपेक्षित लाभों के बारे में प्रोफेसर महेश पंचाग्नुला, डीन (पूर्व छात्र और कॉर्पोरेट संबंध), आईआईटी मद्रास ने बताया, ''हमें विश्वास है कि आईआईटीएमआरएफ न केवल आईआईटी मद्रास के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक गेमचेंजर होगा क्योंकि यह शैक्षणिक संस्थानों को उनका नवाचार दुनिया तक ले जाने का एक सफल मॉडल होगा।''

# 85 रुपये का शेयर पहले ही दिन पहुंचा 180 रुपये के पार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस के शेयरों ने पहले ही दिन बाजार में धमाल मचा दिया है। कंपनी के शेयरों की बाजार में तगड़ी लिस्टिंग हुई है। क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस के शेयर 105 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ 175 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस के शेयर 85 रुपये में निवेशकों को मिले थे। कंपनी के शेयरों ने पहले ही दिन निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इनवेस्टर्स का पैसा लिस्टिंग वाले दिन ही दोगुना हो गया है। क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस का आईपीओ 28 मार्च को खुला था और यह 4 अप्रैल 2024 तक ओपन रहा।

जबरदस्त लिस्टिंग के ठीक बाद क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 183.75 रुपये पर पहुंच गए हैं। क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस के शेयरों ने 174 रुपये के निचले लेवल को भी छुआ है। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्मॉल प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। कंपनी के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 54.40 करोड़ रुपये तक का था। क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस के आईपीओ पर टोटल 201.86 गुना दांव लगा था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 144.63 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कोटे में 472.85 गुना दांव लगा था। जबकि क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स का कोटा 98.79 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1600 शेयर हैं।

### 6 महीने में 1766 प्रतिशत रिटर्न, 2.70 से 50.40 पर पहुंचा शेयर

महज छह महीने में ही एक लाख रुपये को 18.66 लाख रुपये बनाने वाले शेयर ने अपने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दे रहा है। पिछले कई दिनों से यह अपर सर्किट पर सवार है। इस स्टॉक का नाम है वायसराय होटल्स लिमिटेड। आज यह स्टॉक 5 पर्सेंट अपर सर्किट के साथ अपने 52 हफ्ते के हाई 50.40 रुपये पर पहुंच गया है। इसका 52 हफ्ते का लो 1.75 रुपये है।

318.32 करोड़ रुपये के मार्केट कैपिटल वाली इस कंपनी को पहले पैलेस हाइट्स होटल्स के नाम से जाना जाता था। इसको 1965 में वायसराय में शामिल किया गया था। पी प्रभाकर रेड्डी कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं। 2007 में यह स्टॉक 128 रुपये के करीब था। 2019 तक आते-आते इसकी कीमत 1.35 रुपये रह गई। 2020 की शुरुआत में तो इसकी कीमत एक रुपया से भी कम रह गई।

19 अक्टूबर 2023 को यह 3.60 रुपये तक पहुंचा। इसके बाद इसने उड़ान भरनी शुरू की और 3 अप्रैल 2024 को 41.55 रुपये पर पहुंच गया। इस महीने लगातार लग रहे अपर सर्किट की वजह से वायसराय होटल्स के शेयरों की कीमत 50.40 रुपये तक पहुंच गई। पिछले एक साल में इसने 2244 फीसद से अधिक की उड़ान भरी है।

अगर शेयर होल्डिंग पैटर्न की बात करें तो वायसराय होटल्स के शेयरों में न तो विदेशी संस्थागत निवेशक और न ही घरेलू संस्थागत निवेशकों का कोई इंट्रेस्ट है। इसमें दोनों की हिस्सेदारी शून्य है। इस स्टॉक में 95 फीसद हिस्सेदारी प्रमोटर्स की है। केवल 5 फीसद हिस्सेदारी अन्य के पास है।

वायसराय होटल्स लिमिटेड, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में 1965 में निगमित एक स्मॉल कैप कंपनी है। वायसराय होटल्स लिमिटेड के प्रमुख उत्पादों/राजस्व खंडों में 31-मार्च-2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए कमरे, रेस्तरां और अन्य सेवाओं से आय और अन्य परिचालन राजस्व शामिल हैं।

दिसंबर तिमाही के लिए कंपनी ने 43.93 करोड़ रुपये की कंसॉलिडेटेड प्रॉफिट दर्ज की है, जो पिछली तिमाही की कुल आय 29.43 करोड़ रुपये से 49.28 प्रतिशत अधिक है और पिछले वर्ष की इसी तिमाही की कुल आय 30.39 करोड़ रुपये से 44.58 प्रतिशत अधिक है।

## लेक्ट्रिक्स ईवी ने असीमित बैटरी वारंटी वाला सबसे किफायती हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर केवल 49,999रु. में लॉन्च किया



**भोपाल।** दिग्गज कंपनी एसएआर ग्रुप की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी शाखा, लेक्ट्रिक्स ईवी ने केवल 49,999 रुपये में एक अभूतपूर्व ई2डबल्यू लॉन्च किया है। लेक्ट्रिक्स ईवी वाहन से बैटरी को अलग करने और इसे ग्राहकों को सेवा के रूप में प्रदान करने वाला, विशेष रूप से भारत का पहला ओईएम है। कीमत के प्रति सजग ग्राहकों की सहज सवारी के लिए उपयुक्त, इस ऑल-इन-वन ई2डबल्यू ने ईवी का मालिक बनना आसान बना दिया है। ग्राहक लगभग 40त्न कम भुगतान करते हैं और 100त्न ईवी के फायदे प्राप्त करते हैं। ब्रांड ने ग्राहकों को अलग से बैटरी की सदस्यता लेने का विकल्प प्रदान करके पारंपरिक स्वामित्व मॉडल को नई परिभाषा दी है, जिससे अधिक लचीलापन और लागत-प्रभावशीलता मिली है। 2070 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन के सरकारी दृष्टिकोण के अनुरूप, लेक्ट्रिक्स ईवी भारत में ईवी अपनाने में तेजी लाने के लिए नवीन तरीकों पर काम कर रहा है। यह उत्पाद केवल एक बार चार्ज करने पर 100 किलोमीटर की श्रेणी में सर्वोत्तम रेंज, लगभग 50 किमी प्रति घंटे की गति और उम्र भर की बैटरी वारंटी के साथ आता है, जिससे बैटरी से संबंधित किसी भी चिंता को कम किया जा सकता है।

आईपीएल 2024 : 24वां मुकाबला

# रॉयल्स के विजय रथ को क्या रोक पाएगी टाइटंस




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का 24वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार को खेला जाएगा। राजस्थान अब तक इस आईपीएल में एक भी मैच नहीं हारा है। संजू सैमसन की अगुआई में राजस्थान रॉयल्स ने अब तक खेले सभी चारों मैच जीते हैं। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस पिछले साल की फाइनलिस्ट जैसा प्रदर्शन अब तक दोहरा नहीं पाई है। शुभमन गिल की अगुआई में टीम ने 5 में से 3 मैच जीते हैं, जबकि दो गंवाए हैं और ये दोनों हार उसे अपने पिछले दो मुकाबलों में मिली है। ऐसे में गिल की नजर राजस्थान के खिलाफ हार की हैट्रिक टालने पर होगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम अंक तालिका में 4 मैच में 8 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, गुजरात टाइटंस के खाते में 5 मैच से 6 अंक हैं और वो इस मैच को जीतकर 7वें पायदान से कम से कम 5वें स्थान पर आना चाहेगी। पिछले मैच में गुजरात टाइटंस को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 33 रन से हराया था। इस मैच में टीम 164 रन के टारगेट का भी पीछा नहीं कर पाई थी। वहीं, राजस्थान ने अपने पिछले मुकाबले में आरसीबी को रौंदा था।

## बल्लेबाजी राजस्थान की बड़ी ताकत

- राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी सबसे बड़ी ताकत है। अब बस यशस्वी जायसवाल का लय में आना बाकी है। पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के खिलाफ शतक ठोककर जोस बटलर ने भी फॉर्म में वापसी के संकेत दे दिए हैं। कप्तान संजू सैमसन शानदार फॉर्म में हैं और 4 में से दो मैच में अर्धशतक ठोक चुके हैं। मध्य क्रम में रियान पराग का बल्ला भी जमकर बोल रहा है और वो भी 4 मैच में 2 अर्धशतक जमा चुके हैं और दोनों ही मौकों पर वो नाबाद लौटे हैं।

## गुजरात की कमजोरी बल्लेबाजी

- इस सीजन में शुभमन गिल अब तक अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हैं। कप्तानी मिलने के बाद उनका बल्ला खामोश सा है। पंजाब किंग्स के खिलाफ नाबाद 89 रन की पारी के अलावा वो अब तक बड़ा स्कोर नहीं बना पाए हैं। एक यूनिट के तौर पर गुजरात की बल्लेबाज खेल नहीं पा रहे। डेविड मिलर, ऋद्धिमान साहा और विजय शंकर रन नहीं बना पा रहे हैं और टीम छोटा स्कोर भी हासिल नहीं कर पा रही। राजस्थान के खिलाफ शायद केन विलियमसन की वापसी हो सकती है।

## राजस्थान की गेंदबाजी काफी संतुलित

- राजस्थान रॉयल्स के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में अच्छे पेसर हैं। जो पावरप्ले और डेथ ओवर में अच्छी गेंदबाजी कर रहे। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। उन्होंने 4 मैच में 8 विकेट लिए हैं। गुजरात टाइटंस की गेंदबाजी कमजोर रही है। मोहित शर्मा (7 विकेट) को छोड़ दें तो बाकी कोई गेंदबाज अपनी छाप नहीं छोड़ पाया है। उमेश यादव, राशिद खान अपना रंग बिखेरने में नाकाम रहे हैं। अगर राजस्थान के खिलाफ गुजरात को रण जीतना है तो फिर एक यूनिट के तौर पर पूरी टीम को खेलना होगा।

## हेड टू हेड

बता दें आईपीएल में अब तक दोनों टीमों के बीच 5 मुकाबले हुए हैं, जिसमें गुजरात टाइटंस ने 4 में राजस्थान रॉयल्स को हराया है और केवल एक मैच ही राजस्थान की टीम जीत पाई।

## दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**राजस्थान रॉयल्स :** यशस्वी जयसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (कप्तान), आर पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, एन बर्गर, अवेश खान, युजवेंद्र चहल।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, केन विलियमसन, बीआर शरथ, विजय शंकर, दर्शन नालकंडे, राहुल तेवतिया, राशिद खान, उमेश यादव, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद।

# न्यूजीलैंड सीरीज को टीम पाकिस्तान का एलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रेल से खेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम को इस टीम में शामिल किया गया है। दोनों ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले पर यू-टर्न लिया था। तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और ऑलराउंडर इमाद वसीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही दोनों खिलाड़ियों का जून में खेले जाने वाले 2024 टी20 वर्ल्ड कप में भी खेलना तय हो गया है। वहीं एक बार फिर बाबर आजम को पाकिस्तान टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। बाबर ने 2023 वनडे विश्व कप के बाद टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। साथ ही UAE को छोड़ पाकिस्तानी कैंप में शामिल हुए उस्मान खान को भी न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाक टीम में शामिल किया गया है।

### आमिर और इमाद की वापसी




### पाकिस्तान-न्यूजीलैंड सीरीज का शेड्यूल

- पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच इसी महीने पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। ये 5 मुकाबले 18 से 27 अप्रेल के बीच खेले जाएंगे। टी20 सीरीज का पहला मैच 18 अप्रेल को रावलपिंडी में, दूसरा टी20 मैच 20 अप्रेल और तीसरा टी20 मैच 21 अप्रेल को रावलपिंडी में ही खेला जाएगा। इसके बाद चौथा टी20 25 अप्रेल और पांचवां व अंतिम टी20 मैच 27 अप्रेल को लाहौर में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड टीम का पाकिस्तान में आगमन 14 अप्रेल को होगा, जिससे दोनों टीमों को अभ्यास के लिए पर्याप्त समय मिल पाएगा। ये पिछले 17 महीनों के अंदर तीसरा मौका होगा जब न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान में खेलने आएगी।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 के लिए पाकिस्तान टीम

बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उसामा मीर, उस्मान खान और ज़मान खान।

# सिंधू और लक्ष्य के सामने कड़ी चुनौती

### शुरुआती दौर में ही शीर्ष चीनी शटलरों से मुकाबला

**नई दिल्ली।** एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और इस वर्ष ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती है। सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा। पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन का यह अंतिम टूर्नामेंट हैं। इसके बाद ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले शीर्ष 16 शटलरों की रैंकिंग जारी होनी है। टूर्नामेंट में एशिया के सभी शीर्ष शटलर शिरकत कर रहे हैं। इनमें कोरिया की एन से यंग, ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई, ताईवान की ताई जू यिंग, जापान की अकाने यामागुची के अलावा पुरुष वर्ग में शी यूकी, सिंगापुर के लोह कीन यू, इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, जापान के केंता निशिमोतो, कोडाई नरोका जैसे शटलर शामिल हैं।



## शिवम दुबे को टी20 वर्ल्ड कप 2024 टीम में क्यों नहीं लेंगे?

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय टेस्ट ओपनर आकाश चोपड़ा ने इस बात की पुरजोर वकालत की है कि शिवम दुबे को भारत की टी20 विश्व कप 2024 टीम में होना ही चाहिए। आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे शिवम दुबे ने पिछले साल भी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी। केकेआर के खिलाफ जब बाकी बल्लेबाज 100 के आसपास के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे तो शिवम दुबे ने 18 गेंदों में 28 रन बनाकर मैच सीएसके की ओर मोड़ दिया था। आकाश चोपड़ा ने कहा है कि उनको टी20 विश्व कप के लिए टीम में चुना जाना चाहिए। आकाश चोपड़ा ने कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए उसे विश्व कप के लिए ना ले जाना असंभव होगा।




# मुझे कुलदीप के साथ सख्ती करनी पड़ी थी : दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान दिनेश कार्तिक ने स्पिनर कुलदीप यादव को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि मैं जब 2018 में केकेआर का कप्तान था तो मुझे कुलदीप यादव के साथ सख्ती से पेश आना पड़ा था। कार्तिक के मुताबिक तब कुलदीप यादव का फॉर्म अच्छा नहीं था और इसी कारण से मैंने उनसे सख्ती से बात की थी और हो सकता है कि कुलदीप को ये बात पसंद भी ना आई हो। कुलदीप यादव ने 2016 में गौतम गंभीर की कप्तानी में डेब्यू किया था। उन्हें 2018 में मेगा नीलामी में केकेआर द्वारा वापस खरीदा गया, जहां फ्रेंचाइजी ने दिनेश कार्तिक को भी शामिल किया और उन्हें कप्तान बनाया। उस सीज़न में कुलदीप ने केकेआर के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ समय बिताया। उन्होंने 16 मैच में 8.14 की इकॉनमी रेट से 17 विकेट लिए थे। हालांकि, अगले सीज़न में उनकी फॉर्म में गिरावट देखी गई। कुलदीप ने केकेआर के लिए अगले दो सीज़न में केवल 14 मैच खेले, जिसमें 5 विकेट ही लिए। इसी दौरान उन्होंने भारतीय टीम में भी अपनी जगह खो दी थी। कार्तिक ने यह नहीं बताया कि कुलदीप के साथ उनकी क्या और कब बातचीत हुई थी। लेकिन, यह आईपीएल 2019 और 2020 के बीच होने की संभावना है।

# जोकोविच ने सबसे उम्रदराज नंबर एक खिलाड़ी का फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा



नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे।

जोकोविच ने पुरूष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में इगा स्वियातेक शीर्ष पर, एरिना सबालेंका दूसरे और कोको गॉ तीसरे स्थान पर हैं।

**रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड नोवाक जोकोविच ने तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे।**

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962

# श्रीपद्धति से बढ़ेगा धान उत्पादन



इस विधि से एक हेक्टेयर क्षेत्र की रोपाई के लिये 100 वर्गमीटर नर्सरी क्षेत्र की आवश्यकता होती है। इसके लिये 5 किलो बीज लगाना पड़ता है। नर्सरी तैयार करने के लिये पॉलीथिन या जूट बैग के स्तर को समतल जमीन पर बिछाकर बारीक मिट्टी एवं गोबर खाद को (2:1) के अनुपात में मिलाकर 4 से 5 सेमी. मोटी परत बनाये, इसके ऊपर धान के बीजों को छिड़क दें, तथा हल्की बारीक मिट्टी से ढंक दे, इसके पश्चात धान के पुआल से ढककर हजारे से सिंचाई करें, 2-3 दिन पश्चात धान में अंकुरण होते ही पुआल को हटा लें एवं नर्सरी को नम बनाये रखने के लिये आवश्यकतानुसार सिंचाई करे, जब नर्सरी 12 से 14 दिन की हो जाये तो रोपाई करें।



## नर्सरी की तैयारी

इस विधि से एक हेक्टेयर क्षेत्र की रोपाई के लिये 100 वर्गमीटर नर्सरी क्षेत्र की आवश्यकता होती है। इसके लिये 5 किलो बीज लगाना पड़ता है। नर्सरी तैयार करने के लिये पॉलीथिन या जूट बैग के स्तर को समतल जमीन पर बिछाकर बारीक मिट्टी एवं गोबर खाद को (2:1) के अनुपात में मिलाकर 4 से 5 सेमी. मोटी परत बनाये, इसके ऊपर धान के बीजों को छिड़क दें, तथा हल्की बारीक मिट्टी से ढंक दे, इसके पश्चात धान के पुआल से ढककर हजारे से सिंचाई करें, 2-3 दिन पश्चात धान में अंकुरण होते ही पुआल को हटा लें एवं नर्सरी को नम बनाये रखने के लिये आवश्यकतानुसार सिंचाई करे, जब नर्सरी 12 से 14 दिन की हो जाये तो रोपाई करें।

खेत की तैयारी - देशी हल से 4-5 बार अच्छी जुताई कर प्रचलित विधि से हल्की मचाई कर पाटा चलाकर समतल करे. खेत की तैयारी करते समय इस बात का ध्यान रखें कि खेत में पानी कहीं भी भरा न रहे, इसके बाद रस्सी के सहारे 25×25 सेमी. की दूरी पर रोपाई करें।

किस्मों का चयन- हल्की भूमि के लिये कलिंगा, वनप्रभा, अंजली, तुलसी, पूर्णिमा, भारी (मटासी) भूमि के लिये आई.आर.36,64 क्रान्ति, महामाया, एम.टी.यू. 1010, 1001, स्वर्णा, मसूरी, सफरी 17,एच.एम.टी.बम्लेश्वरी आदि हैं.

## रोपाई विधि

रोपड़ी पौधे इस प्रकार उखाड़े कि उनके साथ बीज मिट्टी और जड़े बिना नुकसान के ज्यों की त्यों बाहर आ जाएं तथा इन्हें उखाड़ने के तुरन्त बाद तैयार खेत में इस प्रकार रोपित करें कि इनकी जड़ी गहराई में न जाये ऐसा करने से पौधे जल्दी लग जाते है। पौध से पौध की दूरी 25 से.मी. रखें।

## उर्वरक प्रबंधन

10 से 12 टन गोबर अथवा कम्पोस्ट खाद प्रति हेक्टेयर तथा रसायनिक उर्वरक तत्व के रूप में प्रति हेक्टेयर 260 किलो यूरिया, 800 किलो स्फुर, 67 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश देना चाहिए। उर्वरक के रूप में 250 किलो इफको 12:32:16 तथा 195 किग्रा. यूरिया की आवश्यकता होती है। स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा रोपाई के पूर्व खेत की जुताई के समय देना चाहिए, शेष यूरिया को तीन भागों में बांटकर 25 प्रतिशत कंसा भरते समय, 50 प्रतिशत गभोट के समय, 25 प्रतिशत मात्रा खड़ी फसल में दें।

## जल प्रबंधन

खेत में नमी रखे, किंतु पानी भरा हुआ न रखे प्रत्येक 2 मीटर के अंतराल पर जल निकास के लिए एक फूट गहरी नाली बनाये, खेत में प्रत्येक 12 दिनों के अंतराल पर 2-3 दिनों के लिये सूखा रखे, जिससे जड़ी एवं कंसों का विकास हो।

## खरपतवार नियंत्रण

खरपतवार के लिये 21 दिन बाद पहली निंदाई तथा 40 दिन बाद दूसरी निंदाई अवश्य करना चाहिए। जहां निंदाई की सुविधा नहीं है वहां नीदा नाशक दवा का उपयोग करे, ब्यूटाक्लोर (50 ई.सी.) को 3-4 लीटर या पेण्डीमिथालिन (30 ई.सी.) 3.3 लीटर मात्रा जमाव के 1-2 दिन के अंदर प्रयोग करें। इसके बाद 2-4 डी सोडियम साल्ट 625 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करे। इसका प्रयोग धान की रोपाई के एक सप्ताह बाद करना चाहिए।

# ...तो खरपतवार से मिलेगी निजात

## कांस

कांस घास कुल का खरपतवार है। यह बहुत गहरी जड़ वाला शीघ्रता से प्रसार करने वाला बहुवर्षीय खरपतवार है। यह कृषि योग्य तथा बेकार पड़ी हुई भूमि में अधिक मात्रा में पया जाता है। नम तथा नीची भूमियों तथा नदियों की घाटी में इसकी प्रचुरता से वृद्धि होती है। यह वर्षा ऋतु के अन्त में फूलता है। सितम्बर में भूमि की किस्म के अनुसार पौधे 1.5 से 5 मीटर तक होते हैं जड़े 3 से 7 मीटर की गहराई तक भूमि में पाई जाती है, जहां कांस के पौधे उगते हैं, वहां की संपूर्ण भूमि में जड़ों का जाल बिछ जाता है।

## नियंत्रण एवं उपाय

गर्मियों में जुताई के कारण प्रकंद धूप में सूख जाते हैं, तथा नष्ट हो जाती हैं। लगातार जुताई से इस घास पात का उन्मूलन हो सकता है। खेत में मूंग, लोबिया, सोयाबीन आदि सघन छायादार फसल बोने से अधिकांश घास नष्ट हो जाती है। गर्मियों की जुताई से 2 सप्ताह पूर्व पैराक्वाट खरपतवार की 1 किलोग्राम मात्रा को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर क्षेत्र में छिड़कें। फिर इसके बाद कोई फसल बोयें। डेलापान या अमीट्रोल की 2 किलोग्राम मात्रा 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर क्षेत्र में मध्य मई में जुताई के बाद करें, और दूसरी जुताई जून के प्रारंभ में करें। कपास या मक्का,डेलापान से उपचारित खेत में दो सप्ताह बाद बोयें।



## नियंत्रण उपाय

ट्रैक्टर या बैल चलित उपकरणों से गहरी जुताई करके इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। तवे-दार हल से जुताई 12-15 से.मी. गहरी करनी चाहिए। खरपतवार क्षेत्र को जलमग्न करके भी इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस खरपतवार को किसी तेजी से बढ़ने वाली बरसाती फसल दबा कर भी खरपतवार नियंत्रित किया जा सकता है। खरपतवार के भूमि के ऊपर रहने ताले भागों को निरन्तर काट कर भी इसको नियंत्रित किया जा सकता है। खरीफ में कांस से ग्रसित खेत में धान की फसल लेना एक अच्छा नियंत्रण का उपाय है। इस खरपतवार के प्रकंदों को नष्ट करने के लिए 'फेनेक' खरपतवार नाशक रसायन की 3 किलोग्राम मात्रा को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर क्षेत्र में प्रयोग करें। छिड़काव के बाद रसायन को मिट्टी में भली-भांति मिला लेना चाहिए।

## दूब

कुछ जिद्दी खरपतवार (दूब, मोधा व कांस) एक समस्या उत्पन्न कर देते हैं। दूब घास एक बहुवर्षीय एक पत्ती खरपतवार है,जो जड़ों के स्टोक व स्टोलन से वृद्धि करता है। कभी-कभी बीजों से भी नये पौधे बनते हैं। नम व गर्म मौसम में अधिक बढ़वार करता है, वैसे पूरे वर्ष ही वृद्धि करता है। मुख्यतया खरीफ फसलों में ज्यादा प्रकोप होता है।

## मोथा

यह साइप्रेसी कुल का खरपतवार है। इसे अंग्रेजी में नट ग्रास कहते हैं। हिन्दी में इसे मोथा कहते हैं। यह एक बहुवर्षीय खरपतवार है। इसमें फैलने वाला तना होता है। इसी तने पर गांठ बनते हैं। इन्हीं गांठों से वायवीय तने निकलते हैं, जो फूल तथा फल उत्पन्न करते हैं। ट्यूबर्स में खाद्य पदार्थ सुरक्षित रहता है। इसी के सहारे मोथा प्रतिकुल परिस्थितियों में निष्क्रिय अवस्था में अपना जीवनयापन करता रहता है। पतली-पतली पत्तियां भी इस कार्य में सहायता पहुंचाती हैं।

## नियंत्रण एवं उपाय

निंदाई-गुड़ाई इस प्रकार करते हैं कि तीन वर्ष तक इसके वायुमण्डलीय भागों को बढ़ने का अवसर न मिले। गर्मी की जुताई बहुत लाभकारी सिद्ध हुई है। इससे ट्यूबर्स भूमि की ऊपरी सतह पर लाये जाते हैं, जहां सूर्य की प्रचंड धूप इसको नष्ट कर देती है। खरपतवार से ग्रसित भूमि में सनई की हरी खाद की फसल बोई जाय। धान, बरसीम का शस्य-चक्र अपनाना बहुत उपयोगी रहेगा।

गर्मियों में गहरी जुताई के साथ-साथ 2 4-डी सोडियम साल्ट (3 किलोग्राम/ हेक्टेयर) को 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व ही करें।

# दूध की धार रहेगी बरकरार

## तनाव/नमी के कारण

यह मुख्य रूप से तीन कारणों-तापमान, नमी एवं हवा की गति से उत्पन्न होता है। इन सभी कारणों में पर्यावरण दबाव का प्रमुख कारण तापमान है। अधिकांश परिस्थितियों में तीनों कारक सम्मिलित रूप से पाये जाते हैं। दुधारू गाय की आरामदायक तापमान की सीमा 5 से 20 डिग्री सेन्टीग्रेट है जो कि गाय की नस्ल, वातावरण में ढलान, उत्पादन, आहार ग्रहण मात्रा पर निर्भर करती है।

## जलग्रहण

तापमान दबाव से पशु की पानी की आवश्यकता 120 से 200 प्रतिशत तक बढ़ जाती है क्योकि ज्यादा पानी पीने से पशु अपनी शरीरिक तापमान, श्वास एवं पसीने द्वारा कम करने का प्रयास करते हैं। सामान्यत गाय 3 लीटर पानी प्रति कि.ग्रा. शुष्क आहार ग्रहण करती है, जब कि वातावरण का तापमान 5 डिग्री सेन्टीग्रेट से कम होता है। परन्तु जब वातावरण का तापमान अधिक होता है तो पशु 7 लीटर पानी प्रति कि.ग्रा. शुष्क आहार तक पानी देना होता है। अत: पशुओं को स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में जल 24 घंटे उपलब्ध करवाना भी जटिल समस्या है।

## आहार ग्रहण :

गर्मी एवं अन्य दबावों से रूमन (गौवंशीय पशु के आमाशय का एक भाग) की गतिशीलता एवं पचे हुए आहार की आंत में गति कम हो जाती है, जिससे पशु की भूख घट जाती है।



## पाचन :

अनुसंधान द्वारा ज्ञात हुआ है कि गर्मी के कारण आहार के शुष्क तत्वों की पाचनशीलता कम हो जाती है। अत: अत्यधिक वातावरण के तापमान के कारण पशुओं की भूख कम होने के साथ-साथ चारे की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, परिणाम स्वरूप चारे की पाचनशीलता घट जाती है।

## अवशोषण :

गर्मी के कारण तनाव से थाईराईड ग्रंथी की गतिशिलता कम हो जाती है जिससे आंतों की गतिशिलता एवं पचे हुए आहार की आंतरिक अंगों में खून का बहाव कम हो जाता है। जिससे पोषकों को अवशोषण आंतों में घट जाता है।

## तापमान एवं नमी का दुग्ध उत्पादन पर प्रभाव :-

यह देखा गया है कि होल्स्टीन नस्ल की गायों पर जब तापमान 25-26 सेन्टीग्रेट तक होता है तो कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं होता है। परंतु जब तापमान 25 सेन्टीग्रेट से अधिक होने पर उसका कृत्रिम (भौतिक ) रूप से कम तापमान 29 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं नमी 40 प्रतिशत होने पर आर्द्रता उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं होता है परन्तु जब 80 प्रतिशत हो जाती है तो 20-40 प्रतिशत तक दुग्ध उत्पादन घट जाता है।

## गर्मी के कारण उत्पन्न तनाव को दूर करने के उपाय

मुख्य रूप से पशु के रखरखाव प्रबंधन एवं पोषण व्यवस्था पर निम्न तीन बिन्दुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है।
द्य भौतिक साधनों के उपयोग से वातावरण के तापमान के कुप्रभाव को रोकना।

- ऐसी नस्ल तैयार करना जो कि गर्मी सहन कर सकें।
- पौष्टिक हरा चारा युक्त संतुलित आहार प्रदाय करना।
- प्रचलित पोषण व्यवस्था में निम्नानुसार सुधार कर गर्मी से पशुओं में तनाव को कम किया जा सकता है।
- पशु आहार में अधिक रेशेयुक्त चारे (गेहूं या अन्य भूसे) की मात्रा को कम कर सांद्र पदार्थ, दाना, बाटे, अनाज की मात्रा को बढ़ाना । परन्तु दाने की मात्रा इतनी भी न बढ़ाई जाये की पाचन प्रक्रिया प्रभावित हो। यह पाया गया है कि दाना मिश्रण (सांद्र मिश्रण) में अनाज का प्रतिशत 60 से 65 तक किया जाता है। ● दुधारू गायों को उच्च गुणवत्ता वाला हरा चारा खिलायें। यह पशु शरीर का तापमान को कम करता है एवं आवश्यक मात्रा में रेशा भी प्रदाय करता है।
- पशु आहार में सोयाबीन का छिल्का, खमीरीकृत पदार्थ, शराब फैक्ट्री से प्राप्त अनाज का सहउत्पाद चुकंदर पल्प की पेलेट्स का उपयोग किया जा सकता है।
- पशु आहार में वसा की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। साधारणत: दुधारू पशुओं के आहार में 4 प्रतिशत वसा दी जाने की अनुशंसा की जाती है। गर्मी के दुष्प्रभाव को रोकने के लिये वसा का स्तर 6-7 प्रतिशत तक बढ़ा देवें। यह पशु आहार में कुछ मात्रा में तेलयुक्त दाने जैसे सोयाबीन, बिनोले इत्यादि खिलाकर बढ़ा सकते है।
- पशु आहार में प्रोटीन की मात्रा एवं गुणवत्ता वाला प्रोटीन पदाय करना, क्योंकि तापमान के दबाव से भूख की कमी से पशु शरीर में प्रोटीन का स्तर घट जाता हैं।

# अरहर की खास तकनीक

भूमि एवं भूमि की तैयारी- हल्की दोमट मध्यम भारी अधिक जीवाश्मयुक्त भूमि जिसमें जल निकास का उचित प्रबंध हो अरहर के लिये उपयुक्त होती है. खेत तैयारी के लिये दो बार हल चलाकर एक बार बखर या कल्टीवेटर चलाकर भूमि को समतल कर लेना चाहिए.

## जातियों का चुनाव :

कम अवधि में पकने वाली किस्में- आई.सी.पी.एल.87, पूसा 33, उपरोक्त दोनों किस्में 135-140 दिन में पककर तैयार हो जाती हैं. इनका दाना छोटा होता है. इनकी बीज 25-30 कि.ग्रा./हे. है. ये किस्में कम वर्षा वाले क्षेत्रों के लिये उपयोगी है. औसत उपज 171 क्विंटल/हे. तक प्राप्त होती है.

मध्यम अवधि में पकने वाली किस्में :- जवाहर अरहर-4, आई.सी.पी.एल.87-119, जे.के.एम.-7, जे.के.एम.-189 उपरोक्त सभी किस्में 175-195 दिनों में पककर तैयार हो जाती हैं. तथा इनसे औसत उपज 20-25 क्विंटल/हे. तक प्राप्त होती है.



## देर से पकने वाली किस्में

ग्वालियर-3, एम.ए.-3, ये दोनों जातियां 250-255 दिनों में पककर तैयार हो जाती है तथा इनसे 20-25 क्विंटल/हे. तक उत्पादन प्राप्त होता है.

बीज की मात्रा एवं बीजोपचार :- 20-25 कि.ग्रा./हे. उन्नत बीज पर्याप्त होता है बीज को बोने से पूर्व फफूंदनाशक दवा कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम/कि.ग्रा. बीज के हिसाब से उपयोग करें. इसके बाद राइजोबियम तथा पी.एस.बी. कल्चर से 5-5 ग्रा./कि.ग्रा. बीज उपचारित करके बोनी करना चाहिए.

खाद एवं उर्वरक- 43 किलो यूरिया, 375 किलो सिंगल सुपर फास्फेट तथा 33 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से डालें

बोने का समय- मानसून के प्रारंभ होने पर शीघ्र बोनी करना चाहिये (20-30 जून तक).

अंतरवर्तीय फसल- अरहर+ज्वार (1:1 या 2:1), अरहर+मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, मूंग, उड़द (2:4)

## बोने की विधि

शीघ्र पकने वाली किस्में 45×15 से.मी.

मध्य समय में पकने वाली किस्में 60×20 से.मी.

देरी से पकने वाली किस्में 75×125 से.मी. पर 3.5 से.मी. की गहराई पर बीज को बोना चाहिए.

निंदाई, गुड़ाई एवं खरपतवार नियंत्रण - बोने के तुरन्त बाद तथा अंकुरण से पूर्व एलाक्लोर या पेण्डीमिथालिन 1.0 ली. सक्रिय तत्व/हेक्टेयर 500 ली. पानी में मिलाकर छिड़काव करने से खरपतवार नियंत्रित हो जाते हैं।



# मलयालम डेब्यू में फहद फासिल के साथ नजर आएंगे एसजे सूर्या!

एस जस्टिन सेल्वाराज यानी एसजे सूर्या मलयालम इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। एसजे सूर्या ने तमिल, तेलुगु और हिंदी कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एसजे सूर्या अब मलयालम के दर्शकों पर अपने अभिनय का जादू चलाने को तैयार हैं। चर्चा है कि एस जे सूर्या अभिनेता फहद फासिल के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। एसजे सूर्या एक अभिनेता के साथ-साथ फिल्म निर्देशक, स्क्रिप्ट राइटर, संगीतकार और निर्माता भी हैं। तमिल सिनेमा में एक अभिनेता के तौर पर एसजे सूर्या की कई जबर्दस्त और प्रतिष्ठित भूमिकाएं निभाई है। ऐसे में मलयालम दर्शकों भी इस खबर के सामने आने के बाद से एस जे सूर्या को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो निर्देशक विपिन दास की अगली फिल्म में एसजे सूर्या नजर आ सकते हैं, जिसमें वे फहद फासिल उनके साथ स्क्रीन साझा करेंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म और कलाकारों को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। दोनों दिग्गज कलाकारों को एक साथ देखने के लिए दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

एसजे सूर्या की आखिरी बार बीते साल तमिल फिल्म जिगरथंडा डबलएक्स में देखा गया था। इस फिल्म में वे राघव लॉरेंस और कार्तिक सुब्बाराज के साथ नजर आए थे। अभिनेता की आगामी फिल्मों की बात करें तो वे निर्देशक शंकर की फिल्म इंडियन 2 और गेम चेंजर में भी नजर आने वाले हैं। वहीं, फहद फासिल अपनी अगली फिल्म आवेशम में नजर आएंगे, जो 11 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2- द रूल में भी फहद फासिल महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आन वाले हैं। फिल्म में वे अल्लू अर्जुन के अपोजिट होंगे। इसके अलावा रजनीकांत स्टारर वेट्टैयान में भी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना गया है। वहीं, अगर निर्देशक विपिन दास की बात करें तो वे अपनी पिछली फिल्म जया जया जया जया हे को लेकर चर्चा में आए थे। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था, जिसमें बेसिल जोसेफ और दर्शन राजेंद्रन महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आए थे। विपिन दास ने हाल ही में पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ अपनी अगली फिल्म गुरुवायूर अंबालानदायिल की शूटिंग भी पूरी की है।



# साजिद नाडियाडवाला के साथ फिर काम करने की अफवाह पर कृति ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म क्रू की सफलता का लुत्फ उठा रही हैं। अभिनेत्री इस फिल्म में तब्बू और करीना कपूर के साथ नजर आईं। फिल्म में अभिनेत्रियों की तिकड़ी को फैंस ने खूब पसंद किया। वहीं उनकी अदाकारी को भी खूब सराहा। अब कृति सेनन की नई फिल्म को लेकर कुछ चर्चा चल रही हैं, जिसके बाद में अभिनेत्री ने खुलकर बता की। दरअसल, इंडस्ट्री में चर्चा है कि कृति एक बार फिर साजिद नाडियाडवाला के साथ फिल्म के लिए सहयोग कर सकती हैं। वहीं अब उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। दरअसल, 3 अप्रैल को कृति सेनन को मुंबई में फिल्म निर्माता साजिद नाडियाडवाला के कार्यालय के बाहर देखा गया था। अफवाह फैली कि कृति और साजिद के बीच किसी नई फिल्म की चर्चा चल रही है। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन उनकी यात्रा ने अफवाहों को हवा दे दी। जब अभिनेत्री से इन अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने हाल ही में दिए साक्षात्कार में कहा कि जल्द ही इसकी उम्मीद की जा सकती है। कृति सेनन ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत 2014 में साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हीरोपंती से की थी। एक बार फिर साजिद के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा कि साजिद ऐसे व्यक्ति हैं, जिनसे मैं सच्चा प्यार करती हूं। उन्होंने मुझे इंडस्ट्री में लॉन्च किया। उनकी वजह से मैं आज बॉलीवुड में हूं। कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनके बारे में हम बात कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि कुछ बात बनेगी। यह कोई जल्दबाजी वाली बात नहीं है। बहुत सारे लोग बहुत सारी चीजें पढ़ और लिख रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि कुछ हो सकता है।

वहीं अभिनेत्री ने अपनी अगली फिल्मों के बारे में अपनी इच्छाएं भी व्यक्त कीं। कृति ने कहा कि वे पूरी तरह से कॉमेडी या रोमांटिक फिल्में भी करना चाहती हैं। वहीं, अब इस टिप्पणी से चर्चा है कि यदि साजिद और कृति के बीच किसी नई फिल्म को लेकर चर्चा हो रही है तो वह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म भी हो सकती है। हालांकि, इस पर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

हालांकि, अटकलें यह भी लगाई जा रही है कि हो सकता है कि कृति हाउसफुल 5 का हिस्सा बन सकती हैं। हाउसफुल 5 फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी द्वारा किया जा रहा है और नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के तहत साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित किया जा रहा है।



# दिनेश विजान की आगामी रोमांटिक-कॉमेडी में बनेगी राजकुमार-वामिका की जोड़ी



राजकुमार राव बॉलीवुड इंडस्ट्री के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। अभिनेता को अलग-अलग फिल्मों और वेब सीरीज में अपने अलग-अलग अंदाज से दर्शकों का दिल जीतते देखा जा चुका है। वहीं अब अभिनेता के आगामी प्रोजेक्ट पर एक और बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो राजकुमार राव, दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित आगामी रोमांटिक कॉमेडी का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म में उन्हें इस शानदार अभिनेत्री के साथ दर्शकों का दिल जीतते देखा जाएगा। खबरों के अनुसार, राजकुमार राव और वामिका गब्बी दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित आगामी रोमांटिक कॉमेडी में स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं। फिल्म प्यार, हंसी और दिल छू लेने वाले पलों का एक आनंदमय मिश्रण होने का वादा करती है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैडॉक फिल्म्स ने एक नई प्रेम कहानी बनाई है जिसमें राजकुमार राव और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं। कथानक और अन्य विवरण फिलहाल रहस्य में डूबे हुए हैं, लेकिन माना जाता है कि यह एक छोटे शहर में स्थापित एक विचित्र रोमांटिक ड्रामा है, जो एक असामान्य परिस्थिति में फंसे एक जोड़े के इर्द-गिर्द घूमता है। हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में विवरण गुप्त रखा गया है, लेकिन खबरों की मानें तो यह आधुनिक रिश्तों पर एक ताजा प्रस्तुति होगी। आप इस फिल्म से मजाकिया डायलॉग, भरोसेमंद किरदार और फील-गुड रोमांस की खुराक की अपेक्षा कर सकते हैं।

# आंखों की गुस्ताखियां से जुड़े विक्रांत मैसी

विक्रांत मैसी ने हाल ही में विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल में अपनी भूमिका के लिए व्यापक प्रशंसा हासिल की। अब अभिनेता एक फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। बताया गया है कि मैसी अपनी आने वाली फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में एक दृष्टिहीन संगीतकार का किरदार निभाएंगे। फिल्म का शीर्षक संजय लीला भंसाली की रोमांटिक मूवी, हम दिल दे चुके सनम (1999) के सलमान खान और ऐश्वर्या राय बच्चन के गाने आंखों की गुस्ताखियां से प्रेरणा लेता है। इस परियोजना का नेतृत्व लेखक निरंजन अयंगर कर रहे हैं, जो अपने लेखन के तहत कई हिंदी फिल्मों की पटकथा लिखने के दो दशक बाद निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। मिनी फिल्म्स बैनर की मानसी बागला और वरुण बागला फिल्म के निर्माण के लिए भूषण कुमार की टी-सीरीज के साथ हाथ मिला रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आंखों की गुस्ताखियां शीर्षक की जड़ें प्रशंसित लेखक रस्किन बॉन्ड की लघु कहानी द आइज हैव इट से मिलती हैं। अयंगर ने स्वयं इस मनोरंजक कहानी का स्क्रीन रूपांतरण लिखा है, जो एक दृष्टिहीन संगीतकार और एक थिएटर अभिनेत्री द्वारा की गई प्रेम और आत्म-खोज की यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है।



# शाहरुख खान और एटली से नाराज नहीं हैं नयनतारा!

जवान के रिलीज होने के बाद ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि नयनतारा अपने रोल से खुश नहीं थीं, क्योंकि उन्हें फिल्म में कम स्क्रीन स्पेस मिला था। अब एक्ट्रेस ने इशारों में इन अफवाहों का खंडन कर दिया है। उन्होंने एटली को अपना परिवार बताया और शाहरुख की जमकर तारीफ की। साउथ की फेमस एक्ट्रेस नयनतारा ने पिछले साल शाहरुख खान के साथ 'जवान' फिल्म से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। फिल्म जबरदस्त हिट रही। साल 2023 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई। ना सिर्फ एक्टिंग, बल्कि दोनों की केमिस्ट्री को भी दर्शकों ने खूब सराहा। गाहे-बगाहे ये खबर भी आती रही



कि डायरेक्टर एटली ने नयनतारा को कम स्क्रीन-स्पेस दिया, जिस वजह से वो नाखुश हैं। खैर। अब एक्ट्रेस ने शाहरुख खान की क्वालिटी को लेकर बात की है और उनकी जमकर तारीफ भी की है। ये भी बताया कि वो एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रही थीं, जिससे बॉलीवुड में डेब्यू कर सकें।

# शोभिता ने साझा किया अपना हॉलीवुड अनुभव

बड़ी बात शोभिता धूलिपाला इन दिनों अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। देव पटेल की मंकी मैन 5 अप्रैल को रिलीज हुई। हालांकि अभी भारत में इस फिल्म को रिलीज नहीं किया गया है।
गौरतलब है कि देव पटेल इस फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म में शोभिता के एक कॉल गर्ल सीता का किरदार में निभा रही है। इस दौरान शोभिता ने देव पटेल के साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। देव की तारीफ करते हुए शोभिता ने कहा, इस तरह के किरदारों के लिए देव पर भरोसा किया जा सकता है।





# कमल हासन की इंडियन 2 जून में सिनेमाघरों में मचाएगी तूफान

साउथ और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के फेमस एक्टर कमल हासन ने अपनी अपकमिंग मूवी इंडियन 2 का नया पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ ही ये भी अनाउंस किया है कि ये फिल्म दुनियाभर में जून महीने में रिलीज होगी। इसमें काजल अग्रवाल और रकुल प्रीत सिंह भी नजर आएंगी। साउथ के फेमस एक्टर कमल हासन हिट मूवी इंडियन के दूसरे पार्ट को लेकर जबरदस्त चर्चा हो रही थी। इस बीच एक्टर ने इंडियन 2 का नया पोस्टर शेयर कर दिया है। साथ ही फैंस को ये भी बता दिया है कि ये फिल्म थिएटर्स में कब रिलीज होने वाली है। इसमें कमल के साथ काजल अग्रवाल और रकुल प्रीत सिंह भी नजर आएंगी। इंडियन 2 के नए पोस्टर में कमल हासन बिल्कुल भी पहचान में नहीं आ रहे हैं। सफेद बाल और सफेद पोशाक... हाथों में हथकड़ी और चेहरे पर झुर्रियां... वाकई आप एक्टर को पहचान नहीं पाएंगे। इसके साथ ही बैकग्राउंड में कई लोगों की परछाई नजर आ रही है।

एक्टर ने कैप्शन में लिखा है, सेनापति की वापसी के लिए तैयार हो जाइए! इंडियन-2 इस जून में सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। शानदार कहानी के लिए अपने कैलेंडर पर लिख लें। फिल्म के पोस्ट के साथ ही कमल हासन ने रिलीज मंथ का भी ऐलान कर दिया है। उन्होंने बताया है कि ये फिल्म इसी साल जून महीने में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी तक ये ऐलान नहीं किया गया है कि फिल्म किस तारीख को रिलीज होगी।

# वेट्टैयन और देवरा से पर्दे पर टकराएगी राम चरण की गेम चेंजर

राम चरण के फैंस को उनकी आगामी फिल्म गेम चेंजर का लंबे समय से इंतजार है। फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी भी नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म का गाना रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने भरपूर प्यार दिया था। इस बीच फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। राम चरण लंबे समय से इस पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा फिल्म पर काम कर रहे हैं। यह पहली बार है जब तमिल निर्देशक शंकर ने किसी तेलुगु हीरो के साथ काम किया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के निर्माता इसे अक्तूबर के महीने में रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अब तक कोई आधिकरिक घोषणा नहीं की गई है। जानकारी के मुताबिक अक्तूबर महीन में कई बड़ी फिल्में बड़े पर्दे पर रिलीज हो सकती हैं। बताया जा रहा है कि देवरा और वेट्टैयन के मेकर्स भी इसे उसी महीने रिलीज करने की तैयारी में। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि बॉक्स ऑफिस पर तीनों फिल्मों में टक्कर देखने को मिल सकती है। इस हिसाब से देखा जाए तो अक्तूबर का महीना साउथ सिनेमा के लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। इस साल शंकर की एक और फिल्म रिलीज होने वाली है। हाल ही में निर्माताओं ने कमल हासन अभिनीत फिल्म इंडियन 2 को जून में रिलीज करने का एलान किया है। गेम चेंजर की बात करें तो राम चरण के साथ कियारा की यह दूसरी फिल्म है। इसका निर्माण दिल राजू ने किया है।



# फूलमंडी का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## अपर जिलाधिकारी व पुलिस उपायुक्त ने ली सुरक्षा की जानकारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद में निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में सभी नोडल अधिकारी भारतीय निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप अपने-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान कर रहे हैं।



इसी श्रृंखला में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान एवं पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह ने फूल मंडी फेस-2 नोएडा में पहुंचकर निर्वाचन कार्यों को लेकर की जा रही तैयारियों का बहुत ही गहनता के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी मंडी हिमांशु वर्मा को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में नंबरिंग, कोडिंग-डिकोडिंग, पोलिंग पार्टी आगमन व रवानगी, डिस्पैच और रिसीविंग के संबंध में सभी तैयारियां भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप समय रहते पूर्ण कर ली जाये। साथ ही निर्देश दिए कि फूल मंडी परिसर में यथाशीघ्र सीसीटीवी स्थापित कराए जाने का कार्य पूर्ण करा लिया जाये।

पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह द्वारा संबंधित थाना अध्यक्ष एवं चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए गए कि फूल मंडी फेस टू नोएडा में चुनावी कार्यों से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी कानूनी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप दुरुस्त कर ली जाये।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारी मंडी हिमांशु वर्मा, मंडी सचिव एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 1852 बूथों पर कड़ी सुरक्षा की रणनीति तय

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद में बनाए गए सभी 1852 बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पैरामिलिट्री, पीएसी एवं लोकल पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से सभी बूथों पर वीडियोग्राफी, वेब कास्टिंग एवं फोटोग्राफी आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद की मतदाता सूची फाइनल कर दी गई है, अब मतदाता सूची में ना ही कोई नाम जोड़ा जाएगा और नहीं काटा जाएगा। उन्होंने बताया जनपद में अब तक 1882177 कुल महिला, पुरुष एवं ट्रांसजेंडर मतदाता है, जिसमें 61-नोएडा के 437812 पुरुष, 345047 महिला एवं 13 ट्रांसजेंडर, 62-दादरी के 397652 पुरुष, 331757 महिला एवं 72 ट्रांसजेंडर, 63-जेवर के 200082




पुरुष, 169725 महिला एवं 17 ट्रांसजेंडर मतदाता सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जनपद में कुल 1852 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें 61-नोएडा में 747, 62-दादरी में 707 तथा 63-जेवर में 398 बूथ बनाये गये है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि मतदाताओं की सुविधा हेतु जनपद में 24×7 कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है, जिसके टोल फ्री नंबर 1950 पर मतदाता कॉल करके निर्वाचन संबंधी शिकायत/सुझाव या मतदाता सूची में अपना नाम होने एवं अपने बूथ संख्या की भी पुष्टि कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता URL https://voters.eci.gov.in/ पोर्टल पर जाकर भी मतदाता सूची में अपना नाम एवं अपनी बूथ संख्या चेक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन ने मतदाताओं को अभी तक अपना मतदाता पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुआ है वह लोग वोटर हेल्पलाइन पर जाकर अपना ई-इपिक कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं।

# ऐतिहासिक वोटों से जीत दर्ज करेंगे डॉ.महेश शर्मा,भाजपा ने किया दावा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया है कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर) सीट पर उनके प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ऐतिहासिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। भाजपा के नोएडा में महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दावा किया है कि भाजपा को पूरे लोकसभा क्षेत्र में हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। इसी समर्थन के आधार पर हमारा पूरा विश्वास है कि नोएडा की सीट पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत होने वाली है।



जैसा कि पहले भी बताया जा चुका है कि नोएडा से लेकर खुर्जा तक फैली हुई गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) सीट पर 26 लाख मतदाता इस सीट पर चुनाव लड़ रहे 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। नोएडा सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। नोएडा की सीट पर भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा जीत की हैट्रिक लगाने की मकसद से चुनाव मैंदान में है। वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) तथा कांग्रेस गठबंधन की तरफसे नोएडा सीट पर डा. महेन्द्र नागर चुनाव लड़ रहे हैं। अपने परंपरा वोट बैंक तथा ठाकुर समाज के समर्थन के दम पर बसपा ने राजेन्द्र सोलंकी को चुनावी मैदान में उतारा है। नोएडा की सीट पर इन्हीं तीन प्रमुख प्रत्याशियों के बीच चुनाव का मुकाबला हो रहा है। इन तीन प्रत्याशियों के अलावा 12 प्रत्याशी और चुनाव लड़ रहे हैं। इन प्रत्याशियों में किशोर सिंह, नारावेदश्वर, भीम प्रकाश जिज्ञासु, मनीष कुमार द्विवेदी, रणसिंह डूडी, राजीव मिश्रा, कुमारी शालू, महकार सिंह, पराग कौशिक, मोहम्मद मुमताज आलम व शिवम आशुतोष के नाम शामिल हैं।

**ऐतिहासिक जीत का दावा**

इस बीच भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दावा किया है कि नोएडा सीट से भाजपा के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ऐतिहासिक वोटों से जीत दर्ज करेंगे। मनोज गुप्ता ने बताया कि नोएडा शहर से लेकर खुर्जा तक भाजपा को हर वर्ग का भरपूर समर्थन मिल रहा हैं। प्रत्येक मतदाता मानता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश का ऐतिहासिक विकास किया है। देश में विकास हो रहा है तथा पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनवाने तथा कश्मीर से धारा-370 हटाने जैसे मुददों पर पूरे देश के साथ ही साथ नोएडा की पूरी जनता भाजपा के साथ एकजुट होकर खड़ी है। मनोज गुप्ता ने बताया कि उनके प्रत्याशी इस बार वर्ष-2014 तथा वर्ष-2019 से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस बार नोएडा की सीट पर अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करके भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा एक नया रिकार्ड कायम करेंगे।

# प्रशिक्षण 15, 16, 18 व 19 अप्रैल को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट ETPBMS/मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विपिन कुमार अग्रवाल ने समस्त राजनीतिक दलों एवं समस्त प्रत्याशी 13-गौतम बुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र को जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में निर्वाचन ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज होशियारपुर सेक्टर 51 नोएडा में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण 15, 16, 18 एवं 19 अप्रैल 2024 के दौरान मतदान करने हेतु फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना की गई है। मतदान प्रक्रिया उक्त तिथियां में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जारी रहेगी। मतदान प्रक्रिया के समय पर्यवेक्षण हेतु प्रत्याशी स्वयं या अपने किसी अधिकृत प्रतिनिधि को भेज सकते हैं।

# 'पीएम ने 10 वर्षों में विकास की गंगा बहा दी'

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव ने कामधेनु ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा गौतमबुद्धनगर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी व सांसद डॉ. महेश शर्मा के भाई डॉ. नरेश शर्मा के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर भाजपा के समर्थन में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश में विकास की गंगा बहा दी है।




उन्होंने कनावनी में प्रदीप शर्मा के आवास पर तथा यहीं पर बीआरडी पब्लिक स्कूल में छिजारसी में स्थित सफेद मंदिर, चोटपुर के लाल चौक दुर्गा माता मंदिर मार्ग तथा चोटपुर कालोनी में ही खाटू श्याम वाली गली में मिलकर लोगों से घर-घर जाकर संपर्क किया तथा नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी तथा भाजपा के समर्थन में वोट मांगे। इसके अलावा उन्होंने बीपीएम स्कूल, अतर सिंह कॉलोनी में वोट मांगे।

इस दौरान उनके साथ डॉ. नरेश शर्मा के अलावा भाजपा के जिला महामंत्री चंदगीराम यादव, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना समेत क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रसिद्ध डिजाइनर ताला अलामुद्दीन एमिटी की मानद उपाधि से सम्मानित

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल फैशन टेक्नोलॉजी द्वारा प्रसिद्ध अंर्तराष्ट्रीय डिजाइनर और उद्यमी सुश्री ताला अलामुद्दीन को डिजाइन के क्षेत्र में उनकी उपलब्धि एवं योगदान के लिए प्रोफेसरशिप की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

एमिटी विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में सुश्री ताला अलामुद्दीन को एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी और एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और ग्रुप एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा प्रदीप जोशी द्वारा सुश्री ताला को प्रोफेसरशिप की मानद उपाधि प्रदान की गई।



अंर्तराष्ट्रीय डिजाइनर और उद्यमी सुश्री ताला अलामुद्दीन ने इस अवसर पर धन्यवाद देते हुए कहा कि एमिटी जैसे वैश्विक संस्थान से प्रोफेसरशिप की मानद उपाधि प्राप्त करने पर गौरवांवित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे अपने कौशल को पहचानने में काफी समय लगा लेकिन यह एक अविश्वनीय यात्रा रही है। विश्व एक सीप की तरह है और मेरा मानना है कि इंसानों में करूणा और सहानुभूति के गुण होते है जिसके माध्यम से वे हमेशा दूसरे इंसान को कुछ दे सकते है। हर व्यक्ति स्वंय में अनूठा है इसलिए उन्हे अपने मूल सहानुभूतिपूर्ण मूल्यों के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। अपना स्वंय का ब्रांड प्रारंभ करने वाले छात्रों के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि अपने हदय की बातों को सुने, सुसंगत, लचीले एवं विन्रम बने, कभी हार ना माने और लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कार्य करते रहे आप जीवन में अवश्य सफल होगें।

एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी और एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान ने स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन एमिटी के फैशन डिजाइनर छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जब उन्हे वैश्विक व्यक्तित्व और प्रसिद्ध डिजाइन सुश्री ताला से मिलने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

श्रीमती चौहान ने कहा कि युवा डिजाइनर होने के नाते आपको वर्तमान वैश्विक परिक्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों, अपना उद्यम प्रारंभ करने के लिए स्वंय के अंदर कौन से कौशलों को विकसित करना है इन सब को जानना आवश्यक है जो आपको इन विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से प्राप्त होगा।





